दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K&K RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-103 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) गुरूवार 28 मई 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## एसआईआर प्रक्रिया पूरी तरह से वैध, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव ईसी का दायित्व', एससी ने सुनाया अहम फैसला

नई दिल्ली, (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में चुनाव आयोग द्वारा शुरू की गई मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) प्रक्रिया को वैध और संवैधानिक करार दिया है। कोर्ट ने कहा कि सिर्फ इसलिए इस प्रक्रिया को अवैध नहीं कहा जा सकता क्योंकि यह सामान्य वोटर लिस्ट संशोधन प्रक्रिया से अलग है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने कहा कि चुनाव आयोग को मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए विशेष प्रक्रिया अपनाने का अधिकार है। अदालत ने स्पष्ट किया कि SIR को अल्ट्रा वायर्स यानी कानून के दायरे से बाहर नहीं माना जा सकता।



SIR के तहत चुनाव आयोग मतदाता सूची का का वेरिफिकेशन करता है। इसमें वोटर्स के दस्तावेज, पात्रता और रिकॉर्ड की दोबारा जांच की जाती है, ताकि फर्जी या डुप्लीकेट नाम हटाए जा सकें।

बता दें बिहार में यह प्रक्रिया शुरू होने के बाद इसे चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि यह सामान्य संशोधन प्रक्रिया से अलग है और मतदाताओं के अधिकारों को प्रभावित कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग संवैधानिक संस्था है और उसे निष्पक्ष एवं शुद्ध मतदाता सूची सुनिश्चित करने का अधिकार है। अदालत ने माना कि विशेष परिस्थितियों में अलग प्रक्रिया अपनाना संविधान

### गुजरात में मुंद्रा बंदरगाह के पास 1,150 करोड़ रुपये की कोकीन जब्त, भेजी जानी थी दिल्ली

कच्छ (आरएनएस)। गुजरात के कच्छ में मुंद्रा बंदरगाह के पास बुधवार को 118 किलोग्राम कोकीन जब्त की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1,150 करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। गुजरात पुलिस ने बताया कि यह सफलता भारतीय तटरक्षक बल और गुजरात आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) की ओर से मुंद्रा बंदरगाह पर चलाए जा रहे एक संयुक्त अभियान में मिली है। अभियान के दौरान मंगलवार सुबह भारतीय समुद्री सीमा से एक कंटेनर जहाज पकड़ा गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंटेनर जहाज ब्राजील, लैटिन अमेरिकी देश, मेक्सिको, अमेरिका और कराची होते हुए गुजरात के तट पर पहुंचा था।



पश्चिम बंगाल में कड़ी निगरानी और सत्यापन अभियानों के बीच, पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में रह रहे संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक, बांग्लादेश जाने के लिए उत्तरी 24 परगना ज़िले के बशीरहाट उप-मंडल में स्थित हाकिमपुर सीमा चौकी पर जमा हो रहे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने अमेजन की अपील को रद्द करने के एनसीएलएटी के आदेश को खारिज किया

नई दिल्ली,(आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अमेरिकी ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन को बड़ी राहत देते हुए राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के जून, 2022 के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें ई-कॉमर्स कंपनी के फ्यूचर समूह के साथ सौदे को निलंबित करने के भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के फैसले के खिलाफ अपील की गई थी.यह आदेश जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने पास किया. बेंच ने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के 17 दिसंबर, 2021 के आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसमें अमेजन पर 202 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया था और फ्यूचर के साथ उसकी डील सस्पेंड कर दी गई थी.बेंच ने कहा, ऊपर दर्ज नतीजों को देखते हुए, अपील मंजूर की जाती है. राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) का 13 जून, 2022 का विवादित फैसला और भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) का 17 दिसंबर, 2021 का आदेश रद्द किया जाता है।

सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के जून 2022 के आदेश को चुनौती देने वाली अमेजन की याचिका पर दिया।

## गुजरात में मुंद्रा बंदरगाह के पास 1,150 करोड़ रुपये की कोकीन जब्त, भेजी जानी थी दिल्ली



कच्छ,(आरएनएस)। गुजरात के कच्छ में मुंद्रा बंदरगाह के पास बुधवार को 118 किलोग्राम कोकीन जब्त की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1,150 करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। गुजरात पुलिस ने बताया कि यह सफलता भारतीय तटरक्षक बल और गुजरात आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) की ओर से मुंद्रा बंदरगाह पर चलाए जा रहे एक संयुक्त अभियान में मिली है। अभियान के दौरान मंगलवार सुबह भारतीय समुद्री सीमा से एक कंटेनर जहाज पकड़ा गया था।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंटेनर जहाज ब्राजील, लैटिन अमेरिकी देश, मेक्सिको, अमेरिका और कराची होते हुए गुजरात के तट पर पहुंचा था। इस दौरान जहाज में सवार 2 विदेशी नागरिकों को पकड़ा गया है, जिनके पास नाइजीरिया की नागरिकता है। एक अन्य आरोपी समुद्र में कूदकर फरार हो गया। एक आरोपी का नाम जुम्मा नासिर उमर है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। जहाज को अब कच्छ बंदरगाह पर लाया गया है।

### सैन फ्रांसिस्को जा रही एयर इंडिया की उड़ान हवा में 8 घंटे बिताने के बाद लौटी

नई दिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली से अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को जा रही एयर इंडिया की एक उड़ान हवा में 8 घंटे बिताने के बाद इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे लौट आया। बताया जा रहा है कि बोइंग 777 का एआई-173 उड़ान, तकनीकी खराबी के कारण वापस आया है। विमान में चालक दल के सदस्यों समेत 250 लोग सवार थे। विमान सुरक्षित रूप से उतर गया है। एयर इंडिया ने सुरक्षा मानकों के अनुरूप विमान की तकनीकी जांच शुरू कर दी है। विमान ने बुधवार सुबह 3.09 बजे दिल्ली से उड़ान भरी थी। इस बीच, पायलटों को पता चला कि विमान का ट्रैफिक कोलिजन अवॉइडेंस सिस्टम (टीसीएएस) ठीक से काम नहीं कर रहा था। जब विमान उत्तरी अटलांटिक महासागर क्षेत्र के ऊपर से उड़ान भरते हुए विमान चीन के ऊपर से गुजर रहा था, तब पायलटों ने इसे वापस लौटाने का फैसला किया।

### मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी का कहर जारी, तीव्र लू का रेड अलर्ट



भोपाल,(आरएनएस)। मध्य प्रदेश में नौतपा के शुरुआती दो दिन गर्मी के साथ आंधी और बारिश का असर देखने को मिला। मौसम विभाग का कहना है कि 28 मई से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में लगातार तीन दिन तक बारिश, आंधी और गरज-चमक का दौर शुरू हो सकता है। इसे प्री-मानसून गतिविधियों की शुरुआत माना जा रहा है। 10 से 16 जून के बीच मानसून प्रदेश में प्रवेश कर सकता है।निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना और रीवा जिलों में तीव्र लू का रेड अलर्ट जारी किया गया है। टीकमगढ़ में रात के तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज होने की संभावना है। वहीं ग्वालियर और जबलपुर में तीव्र लू का असर रहेगा।

## भारत में इबोला की दस्तक! युगांडा से आई महिला में दिखे लक्षण, एयरपोर्ट पर आइसोलेशन में रखा

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। इबोला वायरस को लेकर दुनियाभर में सतर्कता बढ़ा दी गई है। इसी बीच, 23 मई को केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंची युगांडा की 28 वर्षीय महिला को एहतियातन आइसोलेशन में रखा गया है। महिला को बेंगलुरु के एपिडेमिक डिजीज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है और उसके सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं।



कर्नाटक स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव ऋत्विक रंजनम पांडे ने बताया कि महिला में इबोला के स्पष्ट लक्षण, जैसे तेज बुखार, फिलहाल नहीं पाए गए हैं। हालांकि एयरपोर्ट हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ने थकान जैसे कुछ शुरुआती संकेत मिलने पर जांच के लिए सैंपल लेने का फैसला किया।अधिकारियों के अनुसार, महिला युगांडा से आने के बाद पहले एक होटल में ठहरी थी। बाद में शरीर में दर्द और हल्के लक्षण महसूस होने पर उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके सैंपल जांच के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी भेजे गए हैं।स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि महिला की हालत फिलहाल स्थिर है और उस पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। प्रोटोकॉल के तहत दोबारा टेस्ट भी किया जाएगा। फिलहाल NIV पुणे से पहली रिपोर्ट का इंतजार है।यह मामला ऐसे समय सामने आया है, जब अफ्रीका के कई हिस्सों में इबोला वायरस रोग के मामलों को लेकर वैश्विक चिंता बढ़ रही है।



दैनिक क्षितिज किरण परिवार की ओर से ईदुज्जुहा की हार्दिक बधाई

**संपादक**

### अवकाश की सूचना

दैनिक क्षितिज किरण के ईद के अवसर पर अवकाश रहेगा अत: अगला अंक दिनांक 30 मई 2026 को प्रकाशित होगा।

**व्यवस्थापक**

### तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात, जानिए किन मुद्दों पर हुई चर्चा

नई दिल्ली,(आरएनएस)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री थलापति विजय (सी जोसेफ विजय) ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। करीब 20 मिनट तक चली बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से तमिलनाडु की उन मांगों को लेकर बात की, जो केंद्र सरकार के सामने काफी लंबे समय से लंबित हैं।

### बकरीद पर प्रतिबंधित कुर्बानी से बचें, गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए : मौलाना जावेद हैदर ज़ैदी

नई दिल्ली,(आरएनएस)। मौलाना जावेद हैदर ज़ैदी ने ईद-उल-अजहा (बक़रीद) के मद्देनज़र मुस्लिम समाज से अपील करते हुए कहा है कि कुर्बानी केवल उन्हीं जानवरों की की जाए जिनकी अनुमति भारतीय संविधान और देश के कानून में प्राप्त है। उन्होंने कहा कि इस्लाम अमन, भाईचारे और इंसानियत का धर्म है, इसलिए किसी भी ऐसी कुर्बानी से बचना चाहिए जिससे किसी धर्म या समुदाय की भावनाएं आहत हों।



मौलाना जावेद हैदर ज़ैदी ने अपने बयान में कहा कि भारत गंगा-जमुनी तहज़ीब और आपसी सौहार्द का देश है, जहां सभी धर्मों के लोग मिल-जुलकर रहते हैं। उन्होंने कहा कि गाय हिंदू समाज की आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है, इसलिए मुसलमानों को चाहिए कि वे उसकी तरफ नजर उठाकर भी न देखें और देश में प्रेम, शांति तथा सामाजिक सौहार्द को मजबूत करें।

उन्होंने कहा कि ईद-उल-अजहा का वास्तविक संदेश त्याग, इंसानियत और अल्लाह की राह में समर्पण है, न कि विवाद और तनाव पैदा करना। इस अवसर पर कानून का पालन करना और दूसरों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने मुस्लिम युवाओं से अपील की कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भड़काऊ या विवादित सामग्री साझा करने से बचें तथा त्योहार को शांति और सादगी के साथ मनाएं।

### सुप्रीम कोर्ट ने ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी लगाने को सही ठहराया

नई दिल्ली(आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने ऑनलाइन गेमिंग गतिविधियों पर गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) लगाने को संवैधानिक रूप से वैध ठहराया. इस मामले की सुनवाई जस्टिस जेबी पारदीवाला और आर महादेवन की बेंच ने की.सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु और कर्नाटक सरकारों के बनाए कानूनों की वैधता को भी बरकरार रखा, जिसमें रम्मी और पोकर जैसे स्किल वाले गेम सहित दांव पर खेले जाने वाले ऑनलाइन गेम्स पर बैन लगाया गया था.बेंच ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म सिर्फ बिचौलिए नहीं हैं, बल्कि उन्हें लेवी और टैक्स पर गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) सिस्टम के तहत आने वाले सप्लायर के तौर पर माना जाना चाहिए.बेंच ने कहा कि चूंकि बेटिंग और जुए को रेस एक्स्ट्रा कॉमर्स (कॉमर्स से बाहर की चीजें) माना जाता है, इसलिए ऐसी गतिविधियों को करने के लिए किसी मौलिक अधिकार का दावा नहीं किया जा सकता.बेंच ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग एक्टिविटी, जिसमें फैंटेसी स्पोर्ट्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर खेले जाने वाले दूसरे गेम शामिल हैं, जिनमें अनिश्चित नतीजों पर दांव लगाना शामिल है।

### असम विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पारित, देश का तीसरा राज्य बना, विपक्ष की मांग दरकिनार



गुवाहाटी,(आरएनएस)। असम विधानसभा ने बुधवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक 2026 पारित कर दिया. 126 सदस्यों वाली असम विधानसभा में 102 एनडीए विधायकों ने उसके पक्ष में मतदान किया. इसका उद्देश्य धर्म से परे विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और सह-जीवनसाथी संबंध को नियंत्रित करने के लिए एक समान कानूनी ढांचा स्थापित करना है. हालांकि, विपक्ष ने इसे प्रवर समिति को भेजने की मांग की.

प्रस्तावित विधेयक के पारित होने के साथ ही असम, उत्तराखंड और गुजरात के बाद समान नागरिक संहिता विधेयक पारित करने वाला देश का तीसरा राज्य बन गया है.इस बीच, विधानसभा में पहले बोलते हुए, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि, कांग्रेस ने 1925 में सबसे पहले यूनिफ़ॉर्म सिविल कोड की वकालत की थी. सरमा ने बुधवार को आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी अब सेक्युलर नहीं रही और एक खास समुदाय की प्रतिनिधि बन गई है. समान नागरिक संहिता, असम, 2026 बिल पर चर्चा के दौरान सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कानून संविधान के आर्टिकल 44 की बुनियाद पर आधारित है, न कि किसी भाजपा या आरएसएस की विचारधारा पर, जैसा कि विपक्ष ने आरोप लगाया है।

सरमा ने कहा, यूसीसी का इतिहास बहुत पुराना है. इसकी मांग सबसे पहले 1925 में कांग्रेस ने की थी. 1937 में जवाहरलाल नेहरू ने भी इसका सुझाव दिया था. वही कांग्रेस इसका विरोध कुरान और शरीयत के एंगल से कर रही है, न कि हिंदू या ईसाई या आदिवासी एंगल से.उन्होंने यह भी कहा, कांग्रेस यूसीसी का विरोध कर रही है।




## कर्नाटक में कुर्सी का खेल क्लाइमेक्स पर, क्या डीके शिवकुमार की होगी ताजपोशी ? सिद्धारमैया को दिल्ली बुलाने की तैयारी में हाईकमान

बेंगलुरु (ए.)। कर्नाटक की राजनीति में एक बार फिर बहुत बड़े सियासी भूचाल और सत्ता परिवर्तन के साफ संकेत मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच पिछले काफी समय से चली आ रही 'किस्सा कुर्सी का' की जंग अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुकी है। राजनीतिक गलियारों में इस बात की चर्चा बेहद तेज है कि हाईकमान के दखल के बाद आगामी 30 मई को कर्नाटक को नया मुख्यमंत्री मिल सकता है। सूत्रों का दावा है कि राज्य में सत्ता के इस बड़े फेरबदल के तहत डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार की ताजपोशी का रास्ता लगभग साफ हो चुका है और इस बदलाव को लेकर दोनों नेताओं के बीच बैठकों का दौर भी शुरू हो गया है।

**राहुल गांधी और खड़गे के साथ दिल्ली में मैराथन बैठकें**

दरअसल, इस पूरे सियासी घटनाक्रम की पटकथा दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान के साथ हुई कई दौर की गुप्त और मैराथन



बैठकों में लिखी गई है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दोनों नेताओं के साथ अलग-अलग और संयुक्त रूप से लंबी चर्चा की है। बताया जा रहा है कि दिल्ली में हुई इस बैठक के दौरान राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को साल 2023 के विधानसभा चुनाव के बाद हुए कथित 'ढाई-ढाई साल के रोटेशनल सीएम' के वादे की याद दिलाई। पार्टी अब आगामी विधानसभा चुनाव और राष्ट्रीय स्तर की रणनीति को देखते हुए डीके शिवकुमार को कमान सौंपने का मन बना चुकी है। सिद्धारमैया कर्नाटक की राजनीति के एक बेहद कद्दावर और ओबीसी (OBC) समाज के बड़े मास लीडर हैं। ऐसे में उन्हें बिना किसी विवाद के सम्मानजनक विदाई देने के लिए कांग्रेस आलाकमान ने एक विशेष 'दिल्ली प्लान' तैयार किया है। इस फॉर्मूले के तहत सिद्धारमैया को कर्नाटक की सक्रिय राजनीति से निकालकर केंद्र की राजनीति में लाया जाएगा। इसके लिए उन्हें आगामी 18 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव में पार्टी का उम्मीदवार बनाया जा सकता है। इसके अलावा उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर संगठन में कोई बड़ी और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने की भी तैयारी है, ताकि डीके शिवकुमार के लिए मुख्यमंत्री की कुर्सी का रास्ता पूरी तरह साफ हो सके और राज्य इकाई में कोई अंतर्कलह भी न हो।





## रेस लगा रही थी दो बोलेरो, एक की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत

भोपाल(ए.)। शहार के देहात इलाके में ईटखेड़ी थाना क्षेत्र में जगदीशपुर रोड पर स्थित मेरिकल गार्डन के पास मंगलवार शाम तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा हुआ। बोलेरो की जोरादार टक्कर से ई-रिक्शा पलट गया और चालक का सिर उसके नीचे दब गया। मिली जानकारी के अनुसार जगदीशपुर निवासी मुईन उर्फ फैसल खान (23) बैट्री ऑटो चलाता था। अपने ई-रिक्शा से वो ईटखेड़ी से जगदीशपुर रोड की ओर जा रहा था। हादसे के समय रिक्शा में सवारी नहीं थी। बताया गया है की इसी दौरान उसके पीछे से तेज रफ्तार में आ रही दो बोलेरो गाड़ियां कथित तौर पर रेस लगा रही थीं। इनमें से एक बुलेरो ने उसके ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में फैसल को घातक चोटें आई थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के परिवार वालो का कहना है की फैसल शादी करीब डेढ़ साल पहले हुई थी। परिजनों ने आरोप लगाया है, कि बोलेरो चालक लापरवाही और तेज रफ्तार से वाहन चला रहे थे। सूचना मिलने पर पहुचीं पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और मौके पर मौजूद लोगो से मिली जानकारी के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

## दोस्तो के साथ पानी से भरे गड्ढे में नहाने गये 13 साल के बच्चे की मौत

भोपाल (ए.)। शहर के कजलीखेड़ा थाना इलाके में पानी से भरे गड्ढे में डूबने से एक 13 साल के मासूम की जान चली गई। सूचना मिलने पर पहुचीं पुलिस ने मर्ग कायम कर कारणो की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कालापानी कजलीखेड़ा निवासी आकाश बालू पिता भूरा बालू (13) ने पांचवीं कक्षा तक पढ़ाई करने के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। उसका एक छोटा भाई भी है। मंगलवार को वह अपने दोस्तों के साथ घर के पास स्थित ईंट भट्टे के नजदीक पानी से भरे गड्ढे में नहाने गया था। बताया गया है की उस समय आकाश के पिता पास ही ईंट भट्टे पर मजदूरी कर रहे थे। गड्ढे में करीब छह फीट तक पानी भरा हुआ था। अंदाजा न होने के कारण आकाश नहाते समय अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसके साथ मौजूद दोस्तों ने उसे बचाने की कोशिश करने के साथ ही शोर मचाकर गांव वालों को बुलाया। पास में काम कर रहे उसके पिता सहित अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी कोशिशो के आकाश को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर पहुचीं पुलिस ने मामला दर्ज कर बुधवार को शव को पोस्टमार्टम के बाद के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

# हर जिला अपनी अर्थव्यवस्था बनाने की पहल करे

### अवैध गतिविधियों और अपराधियों पर कठोर कार्रवाई करें

भोपाल (ए.)। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कलेक्टर्स को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक जिला अपनी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में संवेदनशील प्रयास करे। लोक सेवा गारंटी, सी.एम. हेल्पलाइन और जनसुनवाई राज्य शासन के सुशासन के पैमाने हैं। सभी अधिकारियों को आमजन से जुड़े मामलों में मानवीय दृष्टिकोण अपनाकर संवेदनशील होकर कार्य करना होगा। उन्होंने अवैध गतिविधियों को सख्ती से रोकने और अपराधियों पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव श्री जैन ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कमिश्नर, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक के साथ योजनाओं, कार्यक्रमों तथा कानून व्यवस्था की समीक्षा की। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य सचिव श्री जैन ने सुशासन के विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की और कलेक्टर्स से कहा कि नामांतरण, सीमांकन और बंटवारा के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण हो और प्रयास करें कि एक भी प्रकरण निर्धारित अवधि से बाहर नहीं जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जनसुनवाई के दौरान अधिकारी मानवीय दृष्टिकोण अपनाएं और शिकायतकर्ता की शिकायत को गंभीरता से लें तथा शिकायत का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें। उन्होंने स्वामित्व योजना में और बेहतर कार्य करने की जरूरत बताई तथा राजस्व संग्रहण बढ़ाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने नजूल नवीनीकरण के कार्य को जन-अभियान चलाकर पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सी.एम हेल्पलाइन के शत-प्रतिशत प्रकरणों को अटेंड करने और पेयजल की शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकृत करने को कहा



है।

मुख्य सचिव श्री जैन ने पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर्स से कहा कि अवैध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों और अपराधियों में शासन-प्रशासन का खौफ होना चाहिए। मुख्य सचिव ने अपर मुख्य सचिव गृह से कहा कि वे अपराधों की रोकथाम आदि के लिए एक प्रक्रियागत निर्देश कलेक्टर्स और एसपी को भेजें। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को गंभीरता से लें। अवैध खनिज उत्खनन तथा भंडारण और परिवहन पर सख्त कार्रवाई करें, डिस्ट्रिक टास्क फोर्स की हर माह मिटिंग करें। बिना नम्बर प्लेट और टूटी-फूटी नम्बर प्लेट के खनिज के अवैध परिवहन में लिप्त पाए जाने वाले वाहनों को राजसात करें और जितनी जल्दी हो ऐसे वाहनों को नीलाम भी किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि खनन अपराधों के पुराने प्रकरण निकाले जाएं और समीक्षा कर पता लगाएं कि किन मामलों में अब तक सजा हुई है और यदि सजा नहीं हुई है तो ऐसे प्रकरणों में तत्परता से औपचारिकता पूर्ण कर सजा दिलाने के प्रयास किये जाएं। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने शैक्षणिक संस्थाओं के आस-पास के क्षेत्र को ड्रग फ्री जोन बनाने के लिए कहा है। उन्होंने एनकार्ड की बैठक हर माह करने तथा पाक्सो एक्ट के मामलों में त्वरित गति से कार्रवाई करने के लिए कहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि विस्फोटक अधिनियम का पूरे प्रदेश में सख्ती से पालन किया जाए और आमजन को भी सूचना तंत्र में शामिल करें तथा अवैध गतिविधियों की जानकारी मिलने पर तत्काल सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने आगामी त्यौहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए। मुख्य सचिव श्री जैन ने आगामी खरीफ सीजन की समीक्षा करते हुए प्रदेश में खाद, बीज और उर्वरक के पर्याप्त भंडारण पर संतोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर्स से कहा कि उर्वरक और खाद का वितरण ई-विकास पोर्टल के माध्यम से किया जाए। उन्होंने ई-विकास पोर्टल को देश का अग्रणी पोर्टल बताया। मुख्य सचिव ने कलेक्टर्स से कहा कि ऐसे प्रयास हों कि उर्वरक वितरण केन्द्रों पर न लाईन लगें और न भीड़ हो। उन्होंने डी.ए.पी. की जगह एन.पी.के. को बढ़ावा देने के लिए किसानों से संवाद करने के लिए कहा है। मुख्य सचिव ने नरवाई जलाने के प्रकरणों में कमीं लाने के लिए किसानों के बीच लाभकारी उपायों का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

## स्टार्टअप्स को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध : मंत्री श्री काश्यप

### मंत्री श्री काश्यप से युवा उद्यमी रत्नेश ने की सौजन्य भेंट
### युवा उद्यमी द्वारा फ्रांस को 46 हजार आईस्ड टी प्रीमिक्स पैक्स किया का निर्यात

भोपाल(ए.)। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने भोपाल के युवा स्टार्टअप उद्यमी एवं प्रमाणित टी टेस्टर आरिन रत्नेश की अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा है कि मध्यप्रदेश के स्टार्टअप्स अब वैश्विक स्तर पर अपनी सशक्त पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नवाचार आधारित उद्यमों को प्रोत्साहित करने और युवाओं को वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।भोपाल स्थित स्टार्टअप कंपनी हरितिमा फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा फ्रांस को 46 हजार आईस्ड टी प्रीमिक्स पैक्स का सफल निर्यात किए जाने पर आरिन रत्नेश ने मंत्री श्री काश्यप से उनके कार्यालय में सौजन्य भेंट की तथा उन्हें अपने उत्पादों की श्रृंखला भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव एमएसएमई राघवेंद्र



सिंह तथा उद्योग आयुक्त दिलीप कुमार भी उपस्थित थे। मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार स्टार्टअप्स और नवाचार आधारित उद्यमों के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य युवाओं को ऐसे अवसर उपलब्ध कराना है, जिससे वे अपने नवाचारों को सफल व्यवसाय में परिवर्तित कर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचा सकें। उन्होंने कहा कि आरिन रत्नेश की उपलब्धि प्रदेश के हजारों युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और यह दर्शाती है कि मध्यप्रदेश के स्टार्टअप्स में वैश्विक प्रतिस्पर्धा की अपार क्षमता है।

मंत्री श्री काश्यप ने बताया कि प्रदेश सरकार स्टार्टअप्स को निवेशकों से जोड़ने, विपणन अवसर उपलब्ध कराने तथा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश स्टार्टअप सेंटर द्वारा आरिन रत्नेश को वर्ष 2025 में नई दिल्ली में आयोजित India International Trade Fair (IITF-2025) में मध्यप्रदेश पवेलियन के माध्यम से अपने उत्पादों के प्रदर्शन का अवसर उपलब्ध कराया गया था।

## अब तक कुल 13.36 लाख किसानों से 103 लाख मीट्रिक टन गेहूं उपार्जित

### सीमांत एवं लघु कृषकों से हुआ 32.14 लाख मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन

भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अब तक 13 लाख 36 हजार किसानों से गेहूं का उपार्जन कर देश में अव्वल है। अब तक 103 लाख 48 हजार मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन हो चुका है। इसमें से 8 लाख 9 हजार 990 सीमांत एवं लघु कृषकों से 32 लाख 14 हजार मीट्रिक टन गेहूँ खरीदी की गई है। गेहूं का उपार्जन



अभी भी जारी है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि कोविड-19 की अवधि को छोड़कर विगत 10 वर्षों में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेहूं का सर्वाधिक उपार्जन किया गया है। मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से 78 लाख मीट्रिक टन गेहूँ के उपार्जन लक्ष्य को केन्द्र सरकार द्वारा 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश में 100 लाख मीट्रिक टन निर्धारित लक्ष्य से अधिक गेहूँ का उपार्जन हो चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा प्रदेश में हो रहे गेहूँ उपार्जन की सतत मॉनीटरिंग की जा रही है। उन्होंने स्वयं खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर तौल व्यवस्था, बारदाने की उपलब्धता और खरीदी केन्द्रों पर किसानों के लिये उपलब्ध जरूरी सुविधाओं का आकस्मिक निरीक्षण भी किया। साथ ही किसानों से संवाद कर उपार्जित गेहूँ के भुगतान आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने किसानों के हित में जिन किसानों ने स्लाट बुक करा लिये हैं, उनके गेहूं उपार्जन की अवधि 23 मई से बढ़ाकर 28 मई तक कर दी है।किसानों को अब तक उपार्जित गेहूं का 22,842.9 करोड़ रूपये का भुगतान भी किया जा चुका है। प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर तौल काटों की संख्या 4 से बढ़ाकर 6 की गई तथा तौल काटों में वृद्धि का अधिकार जिलों को दिया गया। किसानों की सुविधा के लिये तौल पर्ची बनाने का समय शाम 6 बजे से बढ़ाकर रात 10 बजे तक किया गया। देयक जारी करने का समय भी रात 12 बजे तक कर दिया गया है। गेहूं का उपार्जन सप्ताह में 6 दिन तक किया जा रहा है। उपार्जन केन्द्र पर किसानों की सुविधा के लिये पीने का पानी, बैठने के छायांदार स्थान और जन-सुविधाओं की व्यवस्थाएं की गई हैं।

## आरजीपीवी में पानी-बिजली संकट पर छात्रों का हंगामा, मुख्य गेट जाम कर किया प्रदर्शन

भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के एयरपोर्ट रोड स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में पानी और बिजली की समस्या को लेकर छात्रों का गुस्सा बुधवार को फूट पड़ा। चंद्रशेखर हॉस्टल के छात्रों ने विश्वविद्यालय के मुख्य गेट पर प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की और गेट जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार, शाम करीब 4 बजे बड़ी संख्या में छात्र मुख्य गेट पर जमा हो गए और धरने पर बैठ गए। छात्रों का कहना है कि वे विश्वविद्यालय प्रबंधन से चर्चा कर रहे हैं, लेकिन अब उन्हें केवल स्थायी समाधान चाहिए, अस्थायी व्यवस्था नहीं। प्रदर्शन के चलते विश्वविद्यालय परिसर में वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। कई बसें



और अन्य वाहन मुख्य गेट के बाहर ही फंसे रहे और अंदर प्रवेश नहीं कर सके। छात्रों का आरोप है कि भीषण गर्मी के बावजूद हॉस्टल में पीने के पानी तक की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। कई छात्र पिछले दो-तीन दिनों से नहा भी नहीं पाए हैं। इसके साथ ही लगातार बिजली कटौती की समस्या ने हालात और खराब कर दिए हैं। छात्र आर्यमन देशमुख ने बताया कि परीक्षा के दौरान भी पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। कई बार शिकायत और विरोध के बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन ने कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला। नाराज छात्रों ने चेतावनी दी है कि जब तक पानी और बिजली की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जाता, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा।



*पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने मंत्रालय में विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की।*

### भोपाल में आईपीएस अधिकारी की बेटी ने किया सुसाइड, कमरे में फंदे पर मिली 17 वर्षीय छात्रा, जांच में जुटी पुलिस

भोपाल,(ए)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के वीआईपी इलाके चार इमली में मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय में पदस्थ एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी की 17 वर्षीय बेटी अपने घर में फंदे पर लटकी



मिली। घटना मंगलवार दोपहर की बताई जा रही है, जबकि बुधवार को मामले में पुलिस जांच और फॉरेंसिक पड़ताल तेज कर दी गई। हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित सरकारी आवास में हुई इस घटना के बाद परिवार गहरे सदमे में है। पुलिस के अनुसार छात्रा 11वीं कक्षा में पढ़ती थी। प्रारंभिक जांच में कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, ऐसे में मौत के पीछे की वजह अब तक साफ नहीं हो सकी है।जानकारी के मुताबिक आईपीएस अधिकारी संजीव कुमार कंचन की 17 वर्षीय बेटी ने भोपाल में उनके सरकारी आवास में फांसी लगा ली। शहर में चार इमली स्थित आवास की दूसरी मंजिल पर कमरे में दुपट्टे से बने फांसी के फंदे पर उसका शव झूलता मिला। घटना के समय छात्रा घर में अकेली थी।

## मध्यप्रदेश पुलिस की अवैध मादक पदार्थो के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाइ

### विगत एक सप्ताह में लगभग 80 लाख रूपए से अधिक के मादक पदार्थ एवं संपत्ति जब्त




भोपाल,(ए)। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेशभर में अवैध मादक पदार्थों एवं नशीले पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में विभिन्न जिलों में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए विगत एक सप्ताह में 80 लाख रूपए से अधिक मूल्य के अवैध मादक पदार्थ सहित संपत्ति जब्त की हैं।

मंदसौर : जिले की नारायणगढ़ पुलिस द्वारा पुलिस पर फायर कर भागने वाले अंतर्राज्यीय डोडाचूरा तस्करों के विरुद्ध बडी कार्यवाही करते हुए 252 किलोग्राम डोडाचूरा डोडाचूरा, एक देशी पिस्टल मय राउण्ड, मोबाइल फोन तथा कार सहित लगभग 20 लाख 51 हजार रूपए की संपत्ति जब्त की है।

वहीं थाना शामगढ़ पुलिस ने दो अलग-अलग प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपी के खेत में संतरे के बगीचे के बीच छुपाकर लगाए गए 384 गांजा पौधे जब्त किए। एक अन्य कार्रवाई में आरोपी से 68 ग्राम एमडी ड्रग्स पाउडर एवं 05 किलोग्राम डोडाचूरा जब्त किया गया। दोनों कार्रवाई में लगभग 2 लाख 3 हजार रूपए की संपत्ति जब्त की है।

गुना : जिले में मृगवास थाना पुलिस ने राजस्थान से अफीम तस्करी कर रहे बाइक सवार दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 किलो 10 ग्राम अफीम एवं मोटरसाइकिल सहित लगभग 11 लाख रूपए की संपत्ति जब्त की है। एक अन्य कार्रवाई में भी मृगवास थाना पुलिस ने नाकाबंदी कर 04 अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 10 किलो 157 ग्राम अवैध गांजा एवं दो मोटरसाइकिल सहित लगभग 7 लाख 20 हजार रूपए की संपत्ति जब्त की है। इस प्रकार दोनों कार्रवाई में मृगवास थाना पुलिस ने 18 लाख 20 हजार रूपए से अधिक की संपत्ति जब्त की है।

शिवपुरी : जिले के थाना करैरा पुलिस ने अवैध स्मैक बेचने आए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 43.06 ग्राम स्मैक जप्त की, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 8 लाख 60 हजार रूपए है।

राजगढ़ : जिले में ऑपरेशन शुद्धि के तहत थाना भोजपुर पुलिस ने 46.50 ग्राम अवैध स्मैक सहित आरोपी को गिरफ्तार कर लगभग 4 लाख 60 हजार रूपए की संपत्ति जब्त की। इसी प्रकार एक अन्य कार्रवाई में 35 ग्राम अवैध स्मैक के साथ 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर 3 लाख 50 हजार रूपए की संपत्ति जब्त की है। इस प्रकार दोनों कार्रवाई में भोजपुर पुलिस ने 8 लाख 10 हजार रूपए की संपत्ति जब्त की है। भोपाल : क्राइम ब्रांच ने ट्रेन से भोपाल पहुंचे गांजा तस्करों के गिरोह पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 05 महिलाओं सहित 07 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपी घरेलू सामान की आड़ में लगभग 36 किलो गांजा भोपाल सप्लाई करने लाए थे। कार्रवाई में लगभग 4 लाख रूपए की संपत्ति जब्त की है। वहीं एक अन्य कार्रवाई में क्राइम ब्रांच ने 7 किलो 670 ग्राम गांजा एवं मोबाइल फोन के साथ आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए लगभग 2 लाख 30 हजार रूपए की संपत्ति जब्त की है। जीआरपी जबलपुर / शहडोल : नशे के विरुद्ध लगातार अभियान चलाते हुए जीआरपी शहडोल द्वारा ट्रेन में तस्करी कर ले जाया जा रहा 41 किलो गांजा जब्त किया गया। जप्त संपत्ति की अनुमानित कीमत लगभग 4 लाख रुपये है। दमोह : जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पटेरा पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 02 किलो 864 ग्राम अवैध गांजा एवं एक मोबाइल फोन सहित लगभग 40 हजार रूपए की संपत्ति जब्त की है। वहीं एक अन्य कार्रवाई में थाना पटेरा पुलिस ने ही कार्रवाई करते हुए 10 किलो 900 ग्राम गांजा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार कर लगभग 1 लाख 62 हजार रूपए की संपत्ति जब्त की है। इस प्रकार दोनों कार्रवाई में पटेरा पुलिस ने 2 लाख रूपए से अधिक की संपत्ति जब्त की है। मैहर : जिले में विशेष अभियान के तहत पुलिस ने 4.6 ग्राम अवैध स्मैक पाउडर एवं परिवहन में प्रयुक्त कार सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लगभग 1 लाख 70 हजार रूपए की संपत्ति जब्त की है।

# क्राइम ब्रांच का मिडनाइट चेकिंग अभियान, दर्जनो अपराधियो के ठिकानो पर दी दबिश

### – अशोका गार्डन इलाके के एक ही मोहल्ले में 24 बदमाशो के घरो पर एक साथ मारी रेड



भोपाल(ए)। क्राइम ब्रांच टीम भोपाल की टीम ने बुधवार-गुरुवार की रात मिडनाइट चेकिंग अभियान शहर के कई इलाको के हिस्ट्रीशीटर गुंडे-बदमाशो के बीच दहशत फैला दी। क्राइम ब्रांच के 60 अफसरो-जवानो की चार टीमो ने अभियान के दौरान अशोका गार्डन क्षेत्र के एक ही मोहल्ले के 24 बदमाशो की सरप्राइस सर्चिंग करते हुए एक साथ उनके ठिकानो पर दबिश दी। अभियान के दौरान टीमो चाकूबाज, फायरिंग, लूट एवं आदतन अपराधियों को चिन्हित कर उनसे पूछताछ करते हुए डोजियर कार्यवाही की। वहीं इस दौरान जो आदतन और जिला बदर बदमाश घर पर नहीं मिले उनसे वीडियो कॉल के जरिये बातचीत कर सत्यापन किया गया। क्राइम ब्रांच एडीसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया की शहर में आदतन बदमाशों और फरार आरोपियों के खिलाफ लगातार सूचनाऐं मिल रही थी। इसके बाद पुलिस ने एक सभी बदमाशो के खिलाफ एक साथ कार्यवाही किये जाने का प्लान बनाते हुए मिडनाइट सर्चिंग अभियान चलाया।

#### – एक ही मोहल्ले में 24 मकानो पर मारी रेड

अभियान के तहत अशोका गार्डन इलाके में देर रात 60 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की 4 विशेष टीमों ने करीब दो दर्जन अपराधियों एवं संदिग्ध बदमाशों के घरों पर एक साथ दबिश देकर तलाशी ली। कार्यवाही के दौरान लिस्टेड बदमाशो से पूछताछ कर डोजियर कार्यवाही की गई। साथ ही कई बदमाशों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों की जानकारी जुटाई गई।

#### – इसलिये चलाया गया मिडनाइट चैकिंग अभियान

अधिकारियो ने बताया की क्राइम ब्रांच को लगातार सूचनाएं मिल रही थी, कि कई आदतन अपराधी दिन में पुलिस चेकिंग से बचने के लिये अपने घरों से बाहर रहते हैं, और देर रात वापस लौटते हैं। इतना ही नहीं पुलिस गतिविधियों की भनक लगते ही अन्य बदमाश भी फरार हो जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए क्राइम ब्रांच द्वारा एक ही समय पर कई ठिकानो पर दबिश देकर सरप्राइस चेकिंग की गई। अभियान के दौरान अधिकांश बदमाश अपने घरों पर मिले। उनसे पूछताछ कर आपराधिक गतिविधियों एवं आपसी नेटवर्क की जानकारी जुटाई गई।

#### – जो घर पर नहीं मिले उनसे की गई वीडियो कॉलिंग

अभियान के दौरान जो बदमाश घर पर नहीं मिले, पुलिस टीमो को उनके सबंध में रात में ऑटो एवं टैक्सी चलाने की जानकारी मिलने पर टीमो ने वीडियो कॉल के जरिये उनका सत्यापन किया। वहीं जिला बदर बदमाशो के संबंध में भी विशेष तस्दीक की गई और घर पर न मिलने पर वीडियो कॉल के माध्यम से बाहर होने का वेरिफिकेशन किया गया।

## बसगढ़ी नर्मदा घाट में 151 दीपों से सजी भव्य महाआरती



मंडला (ए.)। गंगा दशहरा के पावन अवसर पर विकासखंड निवास अंतर्गत नर्मदा तट बसगढ़ी घाट में 151 दीप प्रज्वलित कर भव्य महाआरती एवं जल संरक्षण जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा की पूजा-अर्चना कर जल संरक्षण का संकल्प लिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आव्हान पर प्रदेशभर में संचालित 卐जल गंगा संवर्धन अभियान卐 के तहत यह आयोजन किया गया। अभियान 19 मार्च से 30 जून तक संचालित किया जा रहा है, जिसमें ग्रामीण जल संरक्षण, ऐतिहासिक जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन, नदी संरक्षण, हरित विकास एवं जनजागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर विकासखंड निवास के विभिन्न ग्रामों में जल स्त्रोत पूजन, कलश यात्रा, जल संरक्षण की शपथ, चौपाल एवं स्वच्छता श्रमदान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में ग्राम पंचायत हिरनाछापर के पोषक ग्राम बसगढ़ी स्थित नर्मदा घाट में गंगा पूजन, कलश पूजन, चौपाल एवं 151 दीपों से महाआरती की गई।

## राजगढ़ः दलित महिला ने दो युवकों पर लगाया दुष्कर्म का आरोप, केस दर्ज

राजगढ़,(ए.)। मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले के कालीपीठ थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 45 वर्षीय दलित महिला ने बेड़ावे व सीलखेड़ा गांव के दो युवकों पर खेत में जबरन पकड़कर गलत काम करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बुधवार को फरार आरोपितों के खिलाफ एससीएसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरु कर दी है।पुलिस के अनुसार दलित महिला ने बताया कि 29 सितंबर 2025 को दोपहर करीब 12 बजे जब वह अपने खेत पर काम कर रही थी। इसी दौरान ज्ञानसिंह हरिजन (निवासी सीलखेड़ा) और नवलसिंह बंजारा (निवासी बेडावे) वहां पहुंचे। फरियादिया के मुताबिक दोनों आरोपितों ने उसके साथ जबरदस्ती गलत हरकत की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले में फरार आरोपितों के खिलाफ धारा 64(1), 70(1), 351(3) बीएनएस सहित एससीएसटी एक्ट के तहत केस कायम किया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विवेचना शुरू कर दी है।

## 43 डिग्री गर्मी में प्यासे शिवपुरीवासीः सिंध योजना ठप, 15 दिन से 39 वार्डों में नहीं आया पानी



### – शिवपुरी में गहराया जल संकटः टंकियां खाली, जनता परेशान

शिवपुरी (ए.)। भीषण गर्मी के बीच शिवपुरी शहर में पेयजल संकट ने विकराल रूप ले लिया है। सिंध जलावर्धन योजना के तहत सतनवाड़ा फिल्टर प्लांट से पानी की सप्लाई ठप होने के कारण शहर के 39 वार्डों में हाहाकार मचा है। पिछले 15 दिन से कई वार्डों में नलों से एक बूंद पानी नहीं टपका, जिससे लोग पानी के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं।

शहर में अधिकतम तापमान 43 से 44 डिग्री दर्ज किया जा रहा है। ऐसे में पीने के पानी की किल्लत ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। योजना के तहत शहर की पानी की टंकियां नहीं भर पा रही हैं, जिसके कारण नियमित सप्लाई पूरी तरह बंद है। वार्डों में लोग हाथों में कट्टी-डिब्बे लेकर सुबह से ही पानी की तलाश में निकल पड़ते हैं।

स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि अधिकारियों को कई बार सूचना देने और शिकायत दर्ज कराने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। पीने के पानी को लेकर परेशान लोगों ने बताया कि पिछले दो हफ्ते से बच्चे प्यासे हैं, टैंकर भी नहीं आ रहे।

बताया जा रहा है कि सतनवाड़ा फिल्टर प्लांट की मुख्य मोटर खराब हो गई है। मोटर में तकनीकी खराबी आने से वहां से पानी लिफ्ट नहीं हो पा रहा है। इसी कारण शहर की टंकियों तक पानी नहीं पहुंच रहा। अधिकारी मोटर सुधारने का काम जारी होने की बात कह रहे हैं, लेकिन कब तक सप्लाई बहाल होगी, इसकी कोई समय सीमा नहीं बता पाए।लगातार सप्लाई बंद होने से शहर के आर्य समाज रोड, गांधी पार्क, वार्ड क्रमांक 7 सर्किट हाउस रोड , रामबाग कॉलोनी, बाईपास रोड, फतेहपुर, नबाब साहब रोड, गांधी कॉलोनी, कोर्ट रोड सहित कई इलाकों में हालात बद से बदतर हो गए हैं। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द पानी की व्यवस्था नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

## उज्जैन के डायल-112 हीरोज

### घर की राह भटके मानसिक रूप से अस्वस्थ बालक को सुरक्षित संरक्षण में लेकर थाने पहुँचाया

उज्जैन (ए.)। जिले के थाना चिंतामन गणेश क्षेत्र में डायल-112 जवानों की संवेदनशीलता एवं तत्पर कार्यवाही से घर का रास्ता भटक गए मानसिक रूप से अस्वस्थ 10 वर्षीय बालक को सुरक्षित संरक्षण में लेकर थाना पहुँचाया गया।26 मई को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना चिंतामन गणेश क्षेत्र अंतर्गत कंदरिया चौराहा के पास एक मानसिक रूप से अस्वस्थ बालक अकेला मिला है, जो घर का रास्ता भटक गया है तथा पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना प्राप्त होते ही तत्काल चिंतामन गणेश थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मौके के लिए रवाना किया गया।डायल-112 स्टाफ आरक्षक श्री सागर सिंह एवं पायलट श्री लाल सिंह ने मौके पर पहुंचकर बालक को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया। डायल-112 जवानों ने बालक से जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया, किन्तु मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण वह अपने परिजनों के संबंध में कोई जानकारी नहीं दे पा रहा था।डायल-112 जवानों ने बालक को सुरक्षित डायल 112 वाहन में बैठाकर आसपास क्षेत्र में परिजनों की तलाश एवं पूछताछ की, किन्तु परिजनों के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी।



## शहडोल में गहराया जल संकट, प्यास बुझाने दो किलोमीटर दूर खाई में उतर रहे ग्रामीण



शहडोल, (ए.)। मध्य प्रदेश के शहडोल जिले के ब्यौहारी अंतर्गत ग्राम पंचायत धांधोकुई के ग्राम दाल में आज भी ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। आज तक गांव में न सड़क पहुंच सकी, न बिजली और न ही पीने के पानी की समुचित व्यवस्था हो पाई है। हालात ऐसे हैं कि ग्रामीणों को रोजाना दो किलोमीटर दूर पहाड़ों के नीचे स्थित झिरिया से पानी लाना पड़ रहा हैसे निकलने से बचते हैं, वहीं दाल गांव के लोग पथरीले और खतरनाक रास्तों से होकर पहाड़ के नीचे उतरते हैं। ग्रामीण सिद्ध बाबा के पास स्थित एक गहरी झिरिया (झरना) से पीने का पानी भरकर अपने घर तक पहुंचाते हैं। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों तक को यह कठिन सफर रोज तय करना पड़ता है।गांव में एक हैंडपंप जरूर लगाया गया है, लेकिन उससे पानी नहीं निकल रहा। ग्रामीणों का कहना है कि गांव ऊंची पहाड़ी पर बसा होने के कारण पानी की समस्या लगातार बनी हुई है। मजबूरी में लोग प्राकृतिक झिरिया के सहारे जीवन यापन कर रहे हैं।गांव में सड़क सुविधा नहीं होने से ग्रामीणों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पक्की सड़क गांव से करीब पांच किलोमीटर दूर बताई जा रही है। ऐसे में यदि कोई बीमार पड़ जाए तो उसे अस्पताल तक पहुंचाना बेहद मुश्किल हो जाता है, क्योंकि गांव तक एंबुलेंस नहीं पहुंच पाती।दाल निवासी बंशीलाल गोंड ने बताया कि उनके पूर्वज इसी गांव में बसे थे, लेकिन आज तक गांव में सड़क, बिजली और पानी जैसी सुविधाएं नहीं पहुंच सकीं। उन्होंने कहा कि आज भी ग्रामीण पहाड़ के नीचे स्थित झरने से पानी लाकर जीवन यापन कर रहे हैं ग्रामीण मथुरा सिंह ने बताया कि बिना बिजली के जीवन यापन करना बेहद कठिन है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन - शव यात्रा निकालकर जताया विरोध



मंडला (ए.)। मंडला नगर क्षेत्र में व्याप्त अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में बुधवार को नगर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में में ग्रामीणों ने राजीव कालोनी स्थित विद्युत विभाग कार्यालय का घेराव कर धरना-प्रदर्शन किया। मंडला नगर सहित सभी ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश गांवों में लगातार बिजली कटौती हो रही है, जिससे आमजन, किसान, छात्र एवं ग्रामीण परिवारों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी के बीच बिजली व्यवस्था पूरी तरह ठप होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, मोबाइल चार्ज तक नहीं हो पा रहे हैं तथा पेयजल व्यवस्था सहित दैनिक जरूरतों के कार्य बाधित हो रहे हैं। ग्रामीण अंधकार में जीवन जीने को मजबूर हैं।

ग्रामीण क्षेत्र की वास्तविक स्थिति बेहद दयनीय

बताया गया कि मंडला जिले के सभी ब्लाकों पर संकट सबसे अधिक गंभीर बना हुआ है। कई गांवों में बिजली कनेक्शन तक उपलब्ध नहीं हैं, फिर भी लोगों को लगातार बिजली बिल भेजे जा रहे हैं। वहीं जिन गांवों में कनेक्शन हैं, वहां कई दिनों से सप्लाई पूरी तरह बंद पड़ी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरकार 24 घंटे बिजली देने के दावे करती है, लेकिन वनांचल क्षेत्र की वास्तविक स्थिति बेहद दयनीय है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ अशोक मर्सकोले कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ पदाधिकारीगण की उपस्थिति में स्थानीय राजीव कालोनी में मुख्य अभियंता कार्यालय नारे बाजी करते हुए सांकेतिक शव यात्रा लेकर पहुंचे। कांग्रेसियों ने मुख्य अभियंता कार्यालय के सामने खड़े होकर नारे बाजी करते रहे, पुतला जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया।

# व्यापार समाचार

## चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर और टैक्स बेनिफिट्स के चलते राज्य में ईवी का पंजीकरण बढ़ा : गुजरात आरटीओ अधिकारी

सूरत(ए.),। ईंधन की बढ़ती कीमतों और सरकार द्वारा बढ़ावा देने के कारण इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की मांग में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। साथ ही, मजबूत चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर और टैक्स बेनिफिट्स के चलते लोग ईवी को तेजी से अपना रहे हैं। यह जानकारी एक आटीओ अधिकारी द्वारा दी गई।

समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए असिस्टेंट आरटीओ अंकित शाह ने कहा कि लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने और पारंपरिक ईंधनों पर निर्भरता कम करने की अपील का जोरदार समर्थन किया है।

शाह ने कहा, लोगों ने उनकी अपील का भरपूर समर्थन किया है। इलेक्ट्रिक वाहनों के पंजीकरण में काफी वृद्धि हुई है। उन्होंने आगे कहा कि चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार और टैक्स बेनिफिट्स ने इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उन्होंने आईएएनएस को बताया, गुजरात सरकार विभिन्न इलेक्ट्रिक वाहनों को सब्सिडी देती है। मोटर वाहन विभाग इलेक्ट्रिक वाहनों पर कर छूट देता है। सामान्य पेट्रोल और डीजल वाहनों पर कर की दर 6 प्रतिशत है, जबकि इलेक्ट्रिक वाहनों पर इसे घटाकर 1 प्रतिशत कर दिया गया है।

डीलरों पर भी बढ़ती मांग साफ दिखाई दे रही है। सूरत में कार्गो ग्रुप बीवाईडी कार डीलर के सेल्स मैनेजर शगुन सोनी ने बताया कि बढ़ते वैश्विक तनाव और ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंकाओं के कारण अधिक लोग इलेक्ट्रिक वाहनों पर विचार कर रहे हैं।सोनी ने कहा, कई जगहों पर युद्ध जैसी स्थिति है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ गई हैं। उन्होंने आगे बताया कि डीलरशिप ने पिछले तीन महीनों में लगभग 90 कारें बेचीं, जिनमें से 65 वाहन ग्राहकों को डिलीवर किए जा चुके हैं।उन्होंने कहा कि ग्राहक ब्रांड को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहे हैं और उन्हें विश्वास है कि स्थानीय उत्पादन शुरू होने के बाद भारत में कंपनी की वृद्धि और भी तेज होगी। उन्होंने कहा, कंपनी विस्तार के दौर में है।खरीदारी करते समय उपभोक्ता वैश्विक ईवी ब्रांडों और उन्नत बैटरी तकनीक पर भी ध्यान दे रहे हैं।

## एनएसई ने यस सिक्योरिटीज को तीन महीने के लिए नए ग्राहक ऑनबोर्ड करने से रोका, लगाया एक लाख रुपए का जुर्माना

मुंबई(ए.),। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने यस सिक्योरिटीज को तीन महीने के लिए नए ग्राहक ऑनबोर्ड करने से रोक दिया है, साथ ही एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। इसकी वजह ब्रोकरेज फर्म द्वारा अपफ्रंट मार्जिन कलेक्शन और पेनल्टी रिकवरी प्रथाओं का उल्लंघन करना था।

अपने ऑर्डर में एनएसई ने कहा कि ब्रोकरेज फर्म कई मामलों में आवश्यक अपफ्रंट मार्जिन बनाए रखने में विफल रही और बाद में क्लियरिंग कॉर्पोरेशन द्वारा लगाए गए जुर्माने को अपने ग्राहकों पर डाल दिया।

एक्सचेंज के मुताबिक, इस तरह की प्रथाओं ने उन नियामक मानदंडों का उल्लंघन किया है जो ब्रोकरों के उचित आचरण को सुनिश्चित करने और निवेशकों के हितों की रक्षा करने के लिए बनाए गए हैं।

यह कार्रवाई हाल के वर्षों में लागू किए गए सख्त जोखिम प्रबंधन नियमों के बाद स्टॉक एक्सचेंजों और बाजार नियामकों द्वारा मार्जिन अनुपालन पर कड़ी निगरानी के बीच की गई है।

अपफ्रंट मार्जिन आवश्यकताओं का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ब्रोकर ट्रेड करने से पहले ग्राहकों से पर्याप्त कोलेटरल राशि एकत्र कर लें, जिससे वित्तीय बाजारों में प्रणालीगत जोखिमों को कम करने में मदद मिलती है।

## सस्ते में सोना खरीदने का मौका, चांदी का दाम 2.70 लाख रुपए के नीचे फिसला

मुंबई (ए.),। सोने और चांदी की कीमतों में मंगलवार को कमजोरी देखने को मिली। इससे सोने का दाम 1.58 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत 2.70 लाख रुपए प्रति किलो से नीचे पहुंच गई है।

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट सोने का दाम 1,246 रुपए कम होकर 1,57,611 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 1,58,857 रुपए प्रति 10 ग्राम था। 22 कैरेट सोने की कीमत 1,45,513 रुपए प्रति 10 ग्राम से कम होकर 1,44,372 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है।

18 कैरेट सोने का दाम 1,19,143 रुपए प्रति 10 ग्राम से कम होकर 1,18,208 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है।

सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी तेज गिरावट देखने को मिली है। चांदी का दाम 4,887 रुपए कम होकर 2,66,213 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 2,71,100 रुपए प्रति किलो था।



आईबीजेए द्वारा दिन में दो बार सोने और चांदी की कीमतों को जारी किए जाता है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी में मिलाजुला कारोबार हुआ है। कॉमेक्स पर सोना 0.05 प्रतिशत की मामूली कमजोरी के साथ 4,552 डॉलर प्रति औंस और चांदी 0.56 प्रतिशत की मजबूती के साथ 76.62 डॉलर प्रति औंस पर थी।

एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी ने कहा कि सोने की कीमतों में गिरावट की वजह कच्चे तेल और वैश्विक स्तर पर अस्थिरता बढ़ना है। आने वाले समय में निवेशकों की निगाहें अमेरिका के महंगाई और जीडीपी के डेटा पर होंगी। उन्होंने आगे कहा कि सोने के लिए सपोर्ट 1,57,000 रुपए और रुकावट का स्तर 1,61,000 रुपए के आसपास है।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर भी सोने और चांदी में गिरावट देखने को मिली है। सोने के 5 जून 2026 के कॉन्ट्रैक्ट का दाम 0.69 प्रतिशत कम होकर 1,57,989 रुपए और चांदी के 3 जुलाई 2026 के कॉन्ट्रैक्ट का दाम 1.96 प्रतिशत कम होकर 2,71,285 रुपए हो गया है।

## ट्रेन से सफर करने वालों को झटका, स्टेशन पर खाने-पीने के बढ़े दाम, नई रेट लिस्ट को रेलवे की हरी झंडी

नई दिल्ली(ए.),। रेल यात्रियों को जून की शुरुआत से बड़ा झटका लगने वाला है। रेलवे स्टेशनों पर मिलने वाला खान-पान अब पहले के मुकाबले महंगा हो जाएगा। सेंट्रल रेलवे ने खाने-पीने की वस्तुओं की नई रेट लिस्ट जारी करते हुए 1 जून से संशोधित कीमतें लागू करने का फैसला किया है।रेलवे अधिकारियों के मुताबिक लंबे समय से फूड आइटम्स की कीमतों में बदलाव लंबित था। कैटरिंग वेंडर्स लगातार बढ़ती लागत और महंगाई का हवाला देते हुए दाम बढ़ाने की मांग कर रहे थे। इसी को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने स्टेशन पर बिकने वाले कई खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी को मंजूरी दी है।सेंट्रल रेलवे का कहना है कि बढ़ती लागत के साथ-साथ यात्रियों को बेहतर गुणवत्ता का भोजन उपलब्ध कराने के लिए यह फैसला लिया गया है। नई दरें रेलवे स्टेशनों पर संचालित माइनर स्टैटिक कैटरिंग यूनिट्स पर लागू होंगी। यानी 1 जून के बाद स्टेशन पर चाय, कॉफी, स्नैक्स या अन्य खाद्य सामग्री खरीदने पर यात्रियों को पहले से ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ेंगे।रेलवे द्वारा जारी नई सूची के अनुसार कुल 33 खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ाए गए हैं, जबकि 16 आइटम्स की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। माना जा रहा है कि इस फैसले का असर रोजाना रेल यात्रा करने वाले लाखों यात्रियों की जेब पर पड़ेगा।हालांकि रेलवे ने यह स्पष्ट किया है कि कीमतों में संशोधन के बावजूद गुणवत्ता और स्वच्छता के मानकों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अब यात्रियों की नजर इस बात पर रहेगी कि बढ़ी हुई कीमतों के साथ सेवा और भोजन की गुणवत्ता में कितना सुधार देखने को मिलता है।



## HDFC बैंक में ?45 करोड़ के 'सीक्रेट' भुगतान का खुलासा! जांच के घेरे में आए बड़े अधिकारी; शेयर धड़ाम

मुंबई (उत्तम हिन्दू न्यूज)ः भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी (HDFC Bank) को लेकर आई एक बड़ी रिपोर्ट ने शेयर बाजार से लेकर बैंकिंग जगत तक में हड़कंप मचा दिया है। बैंक के अंदर चल रही एक कथित आंतरिक सतर्कता जांच (Internal Vigilance Investigation) की खबर सामने आने के बाद बुधवार को ॥ष्ठस्नष्ट बैंक के शेयर करीब 2त्न तक टूट गए और इंट्राडे कारोबार में ?761 के स्तर पर बंद हुए। पूरा मामला ?45 करोड़ के संदिग्ध भुगतान और कॉरपोरेट गवर्नेंस में बड़ी चूक से जुड़ा बताया जा रहा है, जिसने बैंकिंग सिस्टम में पारदर्शिता और रिजर्व बैंक (RBI) के नियमों के पालन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

'इंडियन एक्सप्रेस' और 'इकोनॉमिक टाइम्स' की रिपोर्ट्स के अनुसार, यह पूरा विवाद महाराष्ट्र स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (रूस्क्रष्ठष्ट) के डिपॉजिट से जुड़ा है। साल 2021 में ॥ष्ठस्नष्ट बैंक इस सरकारी एजेंसी के बड़े फंड को अपने यहां जमा कराना चाहता था। उस समय बैंक सेविंग अकाउंट पर सिर्फ 3.5त्न ब्याज दे रहा था, जबकि रूस्क्रष्ठष्ट ने करीब 6.01त्न रिटर्न की मांग रखी थी।

## भारतीय शेयर बाजार हल्की गिरावट के साथ बंद, मिडकैप और स्मॉलकैप चमके





मुंबई(ए.),। भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में हल्के लाल निशान में बंद हुआ। दिन के अंत में सेंसेक्स 141.90 अंक या 0.19 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 75,867.80 और निफ्टी 6.55 अंक या 0.03 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,907.15 पर था।लार्जकैप में बिकवाली देखी गई, लेकिन मिडकैप और स्मॉलकैप में तेजी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 259.95 अंक या 0.42 प्रतिशत की तेजी के साथ 62,558.85 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 27.10 अंक या 0.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,294.30 पर था। सूचकांकों में निफ्टी मीडिया 3.05 प्रतिशत की तेजी के साथ टॉप गेनर था। निफ्टी एनर्जी 1.77 प्रतिशत, निफ्टी मेटल 1.67 प्रतिशत, निफ्टी ऑटो 1.45 प्रतिशत, निफ्टी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग 1.31 प्रतिशत, निफ्टी कमोडिटीज 1.04 प्रतिशत, निफ्टी पीएसई 0.44 प्रतिशत और निफ्टी रियल्टी 0.33 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ।दूसरी तरफ निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 0.69 प्रतिशत, निफ्टी प्राइवेट बैंक 0.46 प्रतिशत, निफ्टी सर्विसेज 0.34 प्रतिशत और निफ्टी ऑयल एंड गैस 0.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ।सेंसेक्स पैक में पावर ग्रिड, इटरनल, एनटीपीसी, टाटा स्टील, इंडिगो, मारुति सुजुकी, एशियन पेंट्स, टाइटन, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, एमएंडएम, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक और ट्रेंट गेनर्स थे। एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, एचयूएल, टेक महिंद्रा, बीईएल, कोटक महिंद्रा बैंक और एसबीआई लूजर्स थे।एसबीआई सिक्योरिटीज के टेक्निकल और डेरिवेटिव्स हेड सुदीप शाह ने कहा कि निफ्टी की शुरुआत सकारात्मक नोट के साथ हुई और शुरुआती सत्र में एक सीमित दायरे में कारोबार किया। इसके बाद इंडेक्स 23,983 तक गया और ऊपरी स्तरों से बिकवाली देखने को मिली और यह 23,907 पर था।उन्होंने आगे कहा कि निफ्टी के लिए रुकावट का स्तर 24,030-24,050 के जोन में है और कोई तेजी निफ्टी को 24,200 और फिर 24,350 के स्तर पर छोटी अवधि में ले जा सकती है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## ईरान ने बुनियादी शर्तें पेश की

ईरान की शर्तें मानना अमेरिका के लिए अपनी हार स्वीकार करने जैसा होगा। ट्रंप ने इससे इनकार करते हुए प्रोजेक्ट फ्रीडम शुरू किया। मगर उसके दबाव में आने के बजाय ईरान ने जवाबी हमले शुरू कर दिए हैं।

अमेरिका/ इजराइल और ईरान के बीच युद्धविराम लगभग भंग हो चुका है। इसके टूटने की शुरुआत कब हुई और इसे किसने तोड़ा, इन प्रश्नों पर दोनों पक्षों की राय परस्पर विरोधी है। ईरान की दलील है कि आठ अप्रैल को लड़ाई ठहरने के बाद अमेरिका ने होरमुज जलडमरूमध्य की घेराबंदी कर युद्धविराम को पहली बार भंग किया। फिर तीन मई डॉनल्ड ट्रंप ने होरमुज जलमार्ग को जबरन खुलवाने के लिए प्रोजेक्ट फ्रीडम का एलान कर जंग का नया दौर शुरू कर दिया। ट्रंप का दावा है कि इस कार्रवाई के तहत सात ईरानी नौकाओं को नष्ट किया गया।

उधर ईरान ने जलमार्ग पार करने की कोशिश मे लगे यूएई और दक्षिण कोरिया के टैंकरों को निशाना बनाया। लगे हाथ उसने संयुक्त अरब अमीरात के तेल ठिकाने फुजैरा और दुबई में कुछ स्थलों पर भी मिसाइलें दागीं। इस तरह जंग एक नए स्तर पर पहुंच गई है। पहले से ही ऊर्जा संकट, महंगाई और कई जरूरी पदार्थों के अभाव से ग्रस्त विश्व अर्थव्यवस्था पर यह नया प्रहार है। यह तो साफ है कि ट्रंप प्रशासन बिना स्पष्ट सैन्य उद्देश्य तय किए इस लड़ाई में उतर गया। उसकी धारणा शायद यह थी कि वेनेजुएला की तरह चौंकाने वाली कार्रवाई से वह ईरान में सत्ता बदल देगा। इससे वहां के तेल भंडार अमेरिकी नियंत्रण में आ जाएंगे। मगर ये दांव गलत पड़ा।

तब से वह जंग से बाहर निकलने की राह नहीं ढूंढ पा रहा है। ट्रंप अमेरिका के विजयी होने के कथानक के साथ युद्ध खत्म करना चाहते हैं, लेकिन ईरान ने इसके अवसर से उन्हें वंचित कर रखा है। पिछले हफ्ते ईरान ने युद्ध समाप्त करने का तीन-स्तरीय फॉर्मूला अमेरिका को भेजा। इसके जरिए ईरान ने फिर अपनी बुनियादी शर्तें पेश कीं, जिन्हें मानना अमेरिका के लिए अपनी हार स्वीकार करने जैसा होगा। ट्रंप ने इससे इनकार करते हुए ईरान पर दबाव बढ़ाने की कोशिश में प्रोजेक्ट फ्रीडम शुरू किया। मगर इसके दबाव में आने के बजाय ईरान ने जवाबी हमले शुरू कर दिए हैं। उनकी चोट फिलहाल यूएई और होरमुज स्थित टैंकरों पर पड़ी है, लेकिन इसका असर सारी दुनिया तक जाएगा।

# पर्यावरण चिंतन- बढ़ती गर्मी नहीं, ये है भविष्य की भयावह चेतावनी



## - आग उगलता आसमान और हीट वेव की गिरफ्त में भारत

**योगेश कुमार गोयल**

बदलती जलवायु के कारण भारत सहित दुनिया के अनेक हिस्से भीषण हीट वेव की चपेट में है। अब यह संकट पारंपरिक क्षेत्रों से निकलकर तटीय इलाकों तक फैल चुका है। अंधाधुंध शहरीकरण, घटती हरियाली और कंक्रीट के बढ़ते निर्माण से 'अर्बन हीट आइलैंड' का प्रभाव बढ़ रहा है, जिससे दिन और रातें अत्यधिक गर्म हो रही हैं। राजस्थान के बाड़मेर से लेकर दिल्ली की गलियों और विदर्भ के मैदानों तक पारा 45 डिग्री सेल्सियस के स्तर को पार कर चुका है। यह केवल बढ़ते तापमान का आंकड़ा नहीं है बल्कि यह एक गहराता सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट और आर्थिक चेतावनी है। हीट वेव अब केवल मौसमी असुविधा नहीं बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और मानव अस्तित्व के लिए गंभीर संकट बन चुकी है। बढ़ते तापमान, घटती हरियाली और कंक्रीट के फैलते जंगलों ने जीवन को लू की लपटों में समेट दिया है।

मौसम विभाग और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के ताजा आंकड़ों ने एक डरावनी तस्वीर पेश की है। पिछले चार दशकों में हीट वेव (लू) से होने वाली मौतों में 62 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गौर करने वाली बात यह है कि हीट वेव अब केवल अपने पारंपरिक गढ़ (उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत) तक सीमित नहीं रही बल्कि इसने दक्षिण भारत के उन तटीय इलाकों को भी अपनी चपेट में ले लिया है, जो ऐतिहासिक रूप से कम ताप प्रभावित रहते थे। अध्ययन बताते हैं कि 1981 से 2000 के बीच लू की औसत अवधि जहां 2.5 से 5.5 दिन थी, वहीं 2001 से 2020 के बीच यह बढ़कर 8.5 दिन तक पहुंच गई। लू का भौगोलिक दायरा भी 11.9 लाख वर्ग किलोमीटर से फैलकर 18.1 लाख वर्ग किलोमीटर हो चुका है। यह विस्तार बताता है कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की आशंका नहीं, वर्तमान की कड़वी हकीकत है। हमारे शहर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील हो चुके हैं, जो दिनभर गर्मी सोखते हैं और रात में उसे मुक्त करते हैं, जिससे 'अर्बन हीट आइलैंड' का प्रभाव पैदा होता है। इस तपती आग में सबसे अधिक जोखिम उन लोगों (रेहड़ी-पटरी वाले, निर्माण श्रमिक और दिहाड़ी मजदूर) का है, जो खुले आसमान के नीचे अपना वजूद तलाशते हैं। इनके पास न तो कूलिंग सेंटर की सुविधा है और न ही काम के घंटों में लचीलापन। इसके साथ ही बच्चे और बुजुर्ग इस बढ़ते 'डिस्कंफर्ट इंडेक्स' के सबसे आसान शिकार बन रहे हैं।

वैज्ञानिकों के मुताबिक तापमान में वृद्धि से आगामी वर्षों में हीट वेव, गर्मी का मौसम ज्यादा समय तक रहने और सर्दी के मौसम का समय घटने जैसी स्थितियां पैदा होंगी। इस बारे में वैज्ञानिकों का स्पष्ट कहना है कि जिस जलवायु परिवर्तन के बारे में अब तक हम केवल पढ़ते-सुनते रहे थे, वह अब हमारे सामने आकर खड़ा हो गया है। भारत में मई का महीना गर्म हवाओं (लू) का चरम समय होता है और लू की घटनाओं को भी मौसम में दिन-प्रतिदिन बदलाव का स्वाभाविक हिस्सा माना जाता है लेकिन चिंता की बात यही है कि लू की तीव्रता लगातार वर्ष दर वर्ष बढ़ रही है। पिछले करीब डेढ़ दशकों में 2009, 2010, 2016, 2017 और 2022 भारत में रिकॉर्ड किए गए पांच सबसे गर्म वर्ष रहे। आईएमडी के मुताबिक 15 सबसे गर्म वर्षों में से 11 वर्ष 2008 से 2022 के बीच ही दर्ज किए गए।

यह जानना भी जरूरी कि हीट वेव आखिर है क्या? जैसा कि नाम से ही जाहिर है, हीट वेव अत्यधिक गर्म मौसम की अवधि है, जो प्राय: दो या ज्यादा दिनों तक रहती है। जब तापमान किसी क्षेत्र के सामान्य औसत तापमान से अधिक हो जाता है तो उसे 'हीट वेव' कहा जाता हं। आईएमडी के अनुसार मैदानी इलाकों का अधिकतम तापमान जब 40 डिग्री सेल्सियस तक और पहाड़ी क्षेत्रों का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो लू चलने लगती है और यदि तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो यह खतरनाक लू की श्रेणी में कही जाती है। इसी प्रकार तटीय क्षेत्रों में जब तापमान 37 डिग्री सेल्सियस हो जाता है तो लू चलने लगती है। हीट वेव के कारण लोगों के बीमार होने और हीट स्ट्रोक का खतरा बहुत बढ़ जाता है तथा सैंकड़ों लोगों की मौत हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 1998 से 2017 के बीच हीट वेव के कारण 1.66 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी और यह आंकड़ा अब वर्ष दर वर्ष तेजी से बढ़ रहा है।

आईआईटी खड़गपुर के एक अध्ययन से यह स्पष्ट हो चुका है कि तापमान में वृद्धि तथा लू का मानव शरीर पर व्यापक असर पड़ रहा है। गर्म हवाओं से ब्रेन स्ट्रोक, हृदयाघात, नसों में खून के थक्के जमने की आशंका, स्थायी विकलांगता का खतरा बढ़ जाता है और इससे मृत्यु दर में भी वृद्धि हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार, हीट वेव बाढ़ के बाद दूसरी सबसे घातक आपदा है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौतियां पेश कर रही है। लू का असर हृदय तथा फेफड़े जैसे अंगों पर सर्वाधिक पड़ता है, जो बेहद खतरनाक हो सकता है। हीट वेव से ऐसे लोगों की स्थिति और खराब होने की संभावना होती है, जो हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गुर्दे की बीमारी इत्यादि समस्याओं से पीड़ित हैं। आईएमडी के मुताबिक वैसे तो हर साल दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना इत्यादि उत्तर पश्चिमी भारत, मध्य, पूर्व और उत्तर प्रायद्वीपीय भारत के मैदानी इलाकों में मार्च से जून के दौरान हीट वेव का दौर चलता है लेकिन जैसे-जैसे पृथ्वी की जलवायु गर्म होती जा रही है, दिन और रात भी सामान्य से अधिक गर्म होते जा रहे हैं, जिससे हीट वेव की घटनाएं बढ़ रही हैं और मौतों तथा बीमारियों की आशंका भी बढ़ रही है।

प्रश्न यह है कि भारत में हीट वेव को लेकर ऐसी स्थिति क्यों निर्मित हो रही है? पिछले 30 वर्षों के तापमान तथा गर्म हवाओं का आकलन करते हुए आईआईटी खड़गपुर के एक अध्ययन में यह स्पष्ट किया गया था कि घटती हरियाली, शहरीकरण तथा कंक्रीट से निर्माण के कारण ही अब प्रतिवर्ष हीट वेव में वृद्धि हो रही है। प्राय: देखा जाता है कि एक ही शहर में कुछ जगहों पर उच्च तापमान दर्ज किया जाता है तो कुछ जगहों पर तापमान कम रहता है। कुछ स्थानीय कारण इसके लिए जिम्मेदार होते हैं। दरअसल अधिक हरे-भरे इलाकों में तापमान कम दर्ज किया जाता है जबकि चारों ओर बसी कालोनियों तथा ऊंची-ऊंची इमारतों वाले इलाकों में तापमान ज्यादा दर्ज होता है। तकनीकी भाषा में इसे 'अर्बन हीट आईलैंड इफैक्ट' कहा जाता है। पेड़-पौधों की कमी, अधिक शहरीकरण तथा कंक्रीट से अधिक निर्माण इत्यादि विविध कारणों से शहर ज्यादा तप रहे हैं।

# भारत की विकास यात्रा

सी. पी. राधाकृष्णन

जब मैं तिरुप्पुर के स्कूल में पढ़ता था, तब मेरे मन में देश को लेकर कई सपने थे। मेरे मन में अक्सर ये सवाल उठते थे- भारत अपनी महानता कब वापस पाएगा? विश्व मंच पर एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में कब उभरेगा? हमारे गरीब और वंचित भाई-बहनों को सम्मानजनक जीवन कब मिलेगा? मुझे खुशी है कि किशोरावस्था में मेरे मन में जो विचार थे, वे अब साकार हो रहे हैं। मैं अक्सर खुद को स्वामी विवेकानंद के इन शब्दों की याद दिलाता था, उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्त होने तक मत रुको। तमिलनाडु की धरती से स्वामीजी के दिए ये शब्द हर व्यक्ति में देशभक्ति और समर्पण की भावना जगाने की अपार शक्ति रखते हैं। मेरा हमेशा यह विश्वास रहा कि जब भारत अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ेगा, तब वह पूरी दुनिया का मार्गदर्शन करने वाला राष्ट्र बनकर उभरेगा। पिछले एक दशक में मुझे यह देखकर खुशी होती है कि हमारा देश जबरदस्त ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

अब हमें अपनी आंखों के सामने तिरुवल्लुवर के इन शब्दों की सच्चाई देखने का अवसर मिल रहा है-जो अपने संकल्प में अडिग रहते हैं, वे ठीक वही हासिल करते हैं, जिसकी उन्होंने कल्पना की होती है। हम देख सकते हैं कि हमारा देश तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। पिछले एक दशक में भारत ने जो प्रगति हासिल की है, उसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है।

# पेट्रोल के बढ़ते भाव महंगाई, ऊर्जा सुरक्षा और नीति-निर्माण की चुनौती

**- डॉ. प्रियंका सौरभ**

पिछले कुछ समय से देश के शहरों और गांवों में एक चिंता लगातार सुनाई दे रही है—पेट्रोल और डीज़ल की बढ़ती कीमतें। यह चिंता केवल वाहन चलाने वालों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव हर उस नागरिक पर पड़ता है जो रोजमर्रा की वस्तुओं और सेवाओं का उपभोग करता है। जब पेट्रोल महंगा होता है तो उसका असर केवल पेट्रोल पंप तक नहीं रहता; वह परिवहन, खाद्य पदार्थों, निर्माण सामग्री, कृषि लागत और घरेलू बजट तक पहुंच जाता है। इसलिए पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि को केवल एक आर्थिक घटना मानना पर्याप्त नहीं है। यह एक सामाजिक, राजनीतिक और नीतिगत प्रश्न भी है, जो सरकार, बाजार और नागरिक—तीनों से जुड़ा हुआ है।

भारत जैसे विकासशील देश में ऊर्जा केवल आर्थिक गतिविधियों का आधार नहीं है, बल्कि सामाजिक गतिशीलता और विकास की भी महत्वपूर्ण शक्ति है। देश का विशाल परिवहन तंत्र, कृषि क्षेत्र, औद्योगिक उत्पादन और सेवा क्षेत्र बड़ी मात्रा में पेट्रोलियम उत्पादों पर निर्भर हैं। ऐसे में जब पेट्रोल की कीमतें बढ़ती हैं, तो उसका प्रभाव अर्थव्यवस्था के लगभग हर क्षेत्र में दिखाई देता है। यही कारण है कि पेट्रोल के बढ़ते भाव हमेशा जनचर्चा और राजनीतिक बहस का विषय बन जाते हैं।

पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों को समझने के लिए सबसे पहले यह जानना आवश्यक है कि भारत अपनी तेल आवश्यकताओं का अधिकांश हिस्सा आयात करता है। देश अपनी कुल कच्चे तेल की जरूरत का 80 प्रतिशत से अधिक विदेशों से खरीदता है। इसका अर्थ यह है कि




अंतरराष्ट्रीय बाजार में होने वाले उतार-चढ़ाव का सीधा प्रभाव भारतीय उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ता है। यदि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत बढ़ती है तो भारत को अधिक भुगतान करना पड़ता है, और उसका असर अंततः खुदरा कीमतों में दिखाई देता है।

वैश्विक तेल बाजार केवल आर्थिक कारकों से प्रभावित नहीं होता। इसके पीछे भू-राजनीतिक परिस्थितियां भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। पश्चिम एशिया में तनाव, समुद्री मार्गों की सुरक्षा, प्रमुख तेल उत्पादक देशों की उत्पादन नीतियां, रूस-यूक्रेन संघर्ष जैसे कारक तेल की कीमतों को प्रभावित करते हैं। किसी भी क्षेत्रीय संघर्ष या आपूर्ति संकट का असर कुछ ही दिनों में अंतरराष्ट्रीय बाजार पर दिखाई देने लगता है। भारत जैसे आयात-निर्भर देश के लिए यह एक बड़ी चुनौती है क्योंकि घरेलू बाजार को इन परिस्थितियों से पूरी तरह अलग नहीं रखा जा सकता।

हालांकि अंतरराष्ट्रीय बाजार एक महत्वपूर्ण कारण है, लेकिन पेट्रोल की कीमतों का पूरा सच केवल वहीं तक सीमित नहीं है। भारत में पेट्रोल और डीज़ल की खुदरा कीमतों में करों की भी बड़ी भूमिका होती है। पेट्रोल की अंतिम कीमत में कच्चे तेल की लागत के अलावा केंद्र सरकार का उत्पाद शुल्क, राज्य सरकारों का मूल्य वर्धित कर (वैट), परिवहन लागत और डीलर कमीशन भी शामिल होता है। यही कारण है कि अलग-अलग राज्यों में पेट्रोल की कीमतें अलग-अलग होती हैं।

तेल पर लगने वाले कर सरकारों के लिए राजस्व का एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं। इन करों से प्राप्त आय का उपयोग सड़क निर्माण, बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के वित्तपोषण में किया जाता है। लेकिन दूसरी ओर यही कर आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी डालते हैं। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा होता है और कर संरचना में कोई राहत नहीं मिलती, तब उपभोक्ताओं को दोहरी मार झेलनी पड़ती है। यही स्थिति अक्सर राजनीतिक बहस का कारण बनती है।

पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि का सबसे प्रत्यक्ष प्रभाव परिवहन क्षेत्र पर दिखाई देता है। टैक्सी चालक, ऑटो चालक, ट्रक मालिक, बस संचालक और डिलीवरी सेवाओं से जुड़े लाखों लोग बढ़ती लागत का सामना करते हैं। उनके सामने सामान्यतः दो विकल्प होते हैं—या तो बढ़ी हुई लागत को स्वयं वहन करें अथवा किराए और सेवा शुल्क बढ़ाकर उसका भार उपभोक्ताओं पर डाल दें।




मेष राशि- आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारियों के लिए दिन शुभ हैं। धन लाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। साझेदारी करना आज आपके लिये फायदेमंद रहेगा। जमीन से जुड़ा बड़ा मामला सुलझ सकता है। आज ऑफिस में नई पहल करने के लिये दिन अच्छा है।

वृष राशि- आज का दिन आपके जीवन में नया बदलाव लाने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा अचानक धन लाभ होगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। इस राशि की महिलाओं को आज जीवनसाथी से सरप्राइज मिल सकता है.. जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज कारोबार में व्यस्तता और दौड़ भाग से कुछ राहत मिलेगी और नई गतिविधियों की तरफ आप ध्यान दे पाएंगे।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। ऑफिस में आज आपके सजेशन से महत्वपूर्ण डील फाइनल हो जाएगी जिससे प्रसन्न होकर बास आपकी पदोन्नति कर सकता है। विरोधी पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे। आज कुछ अनुभवी लोगों से आपकी मुलाकात होगी।

कर्क राशि- आज का दिन नई खुशियां लेकर आने वाला है। काफी दिनों पहले शुरू किया गया विशेष कार्य आज पूरा हो जायेगा निकट भविष्य में जिसका परिणाम सकारात्मक होगा। जीवन के महत्वपूर्ण फैसले जज्बाती होकर नहीं लें और घर के वरिष्ठ जनों की राय अवश्य लें। टेक्नॉलॉजी के क्षेत्र से जुड़े लोगों को नौकरी के लिए सुनहरे अवसर मिलेंगे।

सिंह राशि- आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेगा जिससे कंफ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा। आज ख़र्च में होने वाला इजाफे से आपके बजट में उतार चढ़ाव हो सकता है।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए ताजगी से भरा रहने वाला। इस राशि के कारोबारी आज के दिन अपनी प्लानिंग गुप्त रखेंगे, तो सफलता जरूर हासिल होंगी। आज आपके सोचे हुए काम पूरे हो जायेंगे। किसी काम में निवेश करने से पहले अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें इससे आप किसी भी भारी नुकसान से बचे रहेंगे।

तुला राशि- आज किस्मत आपका पूरा साथ देगी। जीवनसाथी आज कुछ ऐसा काम करेंगे, जिसे देखकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। कारोबार में आज कुछ ऐसी बाते सामने आएंगी, जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी। आज आपका स्वास्थ्य बेहतरीन रहने वाला है। किसी नये काम की शुरूआत करना आपके लिये फायदेमंद रहेगा।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। अगर आज कहीं यात्रा पर जा रहे है तो फायदा होने वाला है। यात्रा पर जाने से पहले सभी ज़रूरी दस्तावेज साथ रखना न भूलें। आज थोड़ा आलस्य महसूस हो सकता है। आज आपका कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा। आपका आकर्षक व्यक्तित्व लोगों का ध्यान अपनी तरफ़ खींचेगा।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिये अनुकूल रहेगा। इस राशि के लोग आज समझदारी से काम करेंगे तो आपको फायदा जरूर होने वाला है। बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। पदोन्नति का अवसर मिलने के आसार बन रहे हैं। आज आपके मन में अधिक पैसे कमाने के नये विचार आयेंगे। मुश्किल परिस्थिति में आज किसी मित्र का सहयोग प्राप्त होगा।

मकर राशि- आज का दिन नई सौगात लेकर आयेगा। कारोबार में वृद्धि के लिये आज का दिन शुभ है। पहले से बनी योजनाओं को लागू करना आज ठीक रहेगा। आस-पास के लोग आज आपसे खुश रहेंगे। पुरानी उलझन आज खत्म होगी। इस राशि के जो लोग पयर्टन के क्षेत्र से जुड़े हैं, उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलने वाला है।

कुंभ राशि- आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। आज ऑफिस में आपका प्रभाव बढ़ेगा। इस राशि के नवविवाहित दंपति को आज किसी सामाजिक समारोह में जाना पड़ सकता है। जहां किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे मिलकर मन प्रसन्न हो जायेगा।

मीन राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपकी सेहत पहले से बेहतर रहेगी। कॉलेज में दोस्तों के साथ हंसी-मजाक होगा साथ ही बीच में किसी बात को लेकर चर्चा भी करेंगे। आज खुद को व्यर्थ के कामों से दूर रखें वरना आपका अधिक समय फिजूल के कामों में निकल जायेगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगें।

# बदलता इंफ्रास्ट्रक्चर, बढ़ता भारत: रायपुर-विशाखापट्टनम कॉरिडोर से खुलेगा तरक्की का द्वार

## गति शक्ति और आत्मनिर्भर भारत के विजन से छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई उड़ान

भारत आज तीव्र गति से आधुनिक बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) और सुदृढ़ आर्थिक नेटवर्क के निर्माण की दिशा में अग्रसर है। सड़क, रेल, बंदरगाह और लॉजिस्टिक्स को एकीकृत करते हुए देश को आर्थिक रूप से अधिक सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास निरंतर जारी है। विकास के इसी दूरदर्शी दृष्टिकोण का एक उत्कृष्ट उदाहरण रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर है। यह कॉरिडोर केवल दो शहरों को जोड़ने वाली सड़क परियोजना नहीं है, बल्कि यह नए भारत की नई रफ्तार का प्रतीक है, जो उद्योग, व्यापार, निवेश और रोजगार के नए क्षितिज खोलने जा रहा है।

**मध्य-पूर्वी समुद्री तट को जोड़ने वाला महामार्ग**

रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर देश के मध्य भाग को पूर्वी समुद्री तट से जोड़ने वाला एक अत्यंत महत्वपूर्ण आर्थिक मार्ग है। यह छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के बीच निर्बाध कनेक्टिविटी (संपर्क) स्थापित करेगा, जिससे सड़क परिवहन, लॉजिस्टिक नेटवर्क और औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। इस परियोजना को प्रधानमंत्री की गति शक्ति और आत्मनिर्भर भारत की सोच को धरातल पर उतारने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

**विकास का मूलमंत्र**

किसी भी राज्य या देश के विकास का सबसे मजबूत आधार उसका इंफ्रास्ट्रक्चर होता है। जहां विश्वस्तरीय सड़कें, सुगम परिवहन और अत्याधुनिक लॉजिस्टिक सुविधाएं होती हैं, वहां उद्योगों का तेजी से विस्तार होता है और निवेश आकर्षित होता है। यह कॉरिडोर माल परिवहन को अधिक तीव्र, सुरक्षित और लागत प्रभावी (कम खर्चीला) बनाएगा। इसके परिणामस्वरूप उद्योगों को कच्चा माल आसानी से उपलब्ध होगा और तैयार उत्पाद कम से कम समय में बाजार तक पहुंच सकेंगे।

चूंकि विशाखापट्टनम बंदरगाह देश के प्रमुख समुद्री द्वारों में से एक है, इसलिए इस कॉरिडोर के माध्यम से छत्तीसगढ़ को सीधे पोर्ट कनेक्टिविटी मिलेगी। इसका सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि राज्य के उद्योगों की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक सीधी पहुंच स्थापित होगी, जिससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान मिलेगी।

**छत्तीसगढ़ को मिलने वाले प्रमुख लाभ**

रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था के लिए गेम-चेंजर साबित होने वाला है। छत्तीसगढ़ खनिज संपदा, ऊर्जा संसाधनों, कृषि और वनोपज से समृद्ध राज्य है। यहाँ लौह अयस्क, कोयला, बॉक्साइट और स्टील उद्योगों की अपार संभावनाएं हैं। पूर्व में बेहतर परिवहन और लॉजिस्टिक नेटवर्क के अभाव के कारण उद्योग अपनी पूरी क्षमता का लाभ नहीं उठा पाते थे, परंतु यह कॉरिडोर इन चुनौतियों को समूल समाप्त कर देगा।

**औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन**

कॉरिडोर के निर्माण से रायपुर, दुर्ग, भिलाई, धमतरी, कांकेर और जगदलपुर जैसे क्षेत्रों में नए औद्योगिक क्लस्टर्स विकसित होंगे। स्टील, सीमेंट, एल्युमिनियम, खाद्य प्रसंस्करण (फूड प्रोसेसिंग) और एमएसएमई (लघु उद्योगों) को एक नई ऊर्जा मिलेगी, जिससे घरेलू और विदेशी निवेशकों का रुझान इस क्षेत्र की ओर तेजी से बढ़ेगा।

**रोजगार के नए अवसरों का सृजन**

इतनी बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजना के आने से रोजगार के अवसर भी आनुपातिक रूप से बढ़ते हैं। सड़क निर्माण, वेयरहाउसिंग, लॉजिस्टिक पार्क्स, नई औद्योगिक इकाइयों और परिवहन सेवाओं के माध्यम से हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होंगे। स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में जीविकोपार्जन के साधन मिलने से पलायन की समस्या पर काफी हद तक रोक लगेगी।

**बस्तर क्षेत्र का कायाकल्प**

यह कॉरिडोर बस्तर संभाग के लिए विशेष रूप से परिवर्तनकारी सिद्ध होगा। लंबे समय से विकास की मुख्यधारा से कटे क्षेत्रों में बेहतर सड़क और व्यापारिक संपर्क स्थापित होगा। बस्तर के बहुमूल्य वन उत्पाद, अनूठे हस्तशिल्प, कृषि उपज और लघु उद्योगों को बड़े बाजार तक पहुंच मिलेगी, जिससे आदिवासी समुदायों की आय में वृद्धि होगी और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी।

**कृषि और वनोपज को सही मूल्य**

छत्तीसगढ़ देश में धान के कटोरे के रूप में प्रसिद्ध है। इसके अतिरिक्त यहाँ मक्का, दलहन, फल और लघु वनोपज का भी प्रचुर मात्रा में उत्पादन होता है। बेहतर परिवहन व्यवस्था से किसानों और वनोपज संग्राहकों को अपनी उपज मंडियों तक पहुंचाने में सुगमता होगी। परिवहन लागत घटने से सीधे तौर पर किसानों का मुनाफा बढ़ेगा।

**पर्यटन उद्योग को नई उड़ान**

चित्रकोट जलप्रपात, तीरथगढ़, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान, सिरपुर और बस्तर के सांस्कृतिक पर्यटन स्थलों तक पहुंच सुगम होने से राज्य में पर्यटन उद्योग को भारी बढ़ावा मिलेगा। इससे होटल, गाइड, स्थानीय परिवहन और हस्तशिल्प व्यवसायियों की आय दोगुनी होगी।

**व्यापार और निर्यात में ऐतिहासिक वृद्धि**

विशाखापट्टनम पोर्ट तक आसान और तेज पहुंच से छत्तीसगढ़ के उद्योगों की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता (कॉम्पिटिटिवनेस) बढ़ेगी। संक्षेप में कहें तो, रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर महज एक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की प्रगति, समृद्धि और आत्मनिर्भरता का नया महामार्ग है। यह छत्तीसगढ़ को देश के एक प्रमुख औद्योगिक और व्यापारिक हब के रूप में स्थापित करने का सामर्थ्य रखता है।

मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर ही सशक्त अर्थव्यवस्था की नींव होता है, और यही परियोजना आने वाले समय में छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। नए भारत की नई रफ्तार का यह कॉरिडोर देश के हर कोने को प्रगति की साझा मुख्यधारा से जोड़ने का एक जीवंत माध्यम है।

**मुख्यमंत्री का विजन: छत्तीसगढ़ की समृद्धि का महामार्ग**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर हमारे छत्तीसगढ़ की आर्थिक रीढ़ बनने जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ में बकरीद को लेकर वक्फ बोर्ड की सख्त गाइडलाइन, खुले में कुर्बानी पर रोक, नियम तोड़ने पर 50 हजार का जुर्माना

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में इस बार ईद-उल-अजहा (बकरीद) के दौरान कानून व्यवस्था, सामाजिक सौहार्द और स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रशासन और वक्फ बोर्ड पूरी तरह अलर्ट मोड पर हैं। त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए वक्फ बोर्ड ने राज्यभर में कड़े और स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ 50 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाने का प्रावधान किया गया है।जारी गाइडलाइन के अनुसार, सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, मैदानों या किसी भी खुले इलाके में कुर्बानी देने पर पूरी तरह रोक रहेगी। कुर्बानी केवल अधिकृत स्लॉटर हाउस (बूचड़खानों) या निजी परिसरों के भीतर चारदीवारी के अंदर ही की जा सकेगी। प्रशासन ने यह फैसला स्वच्छता बनाए रखने और दूसरे समुदायों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने के उद्देश्य से लिया हैइसके साथ ही, त्योहार के दौरान तेज आवाज में डीजे या साउंड सिस्टम बजाने पर भी सख्त पाबंदी रहेगी। निर्धारित ध्वनि सीमा का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीमें कड़ी कार्रवाई करेंगी।

## नीट पेपर लीक मामले में 2 और गिरफ्तारियां, सीबीआई के शिकंजे में लातूर के डॉक्टर और पुणे के कोचिंग शिक्षक

नई दिल्ली, (आरएनएस)। नीट 2026 परीक्षा पेपर लीक मामले की जांच कर रही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। जांच एजेंसी ने इस मामले में दो और मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अब तक इस मामले में कुल 13 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

गिरफ्तार आरोपियों में लातूर के डॉक्टर डॉ. मनोज शिरुरे शामिल है। CBI के मुताबिक, डॉ. शिरुरे ने तीन छात्रों को केमिस्ट्री के लीक प्रश्न दिलाने में अहम भूमिका निभाई। चौंकाने वाली बात यह है कि इन तीन छात्रों में एक आरोपी कोचिंग सेंटर संचालक का बेटा भी बताया गया है। जांच में सामने आया कि प्रश्न आरोपी पी. वी. कुलकर्णी से हासिल किए गए थे।

दूसरा गिरफ्तार आरोपी तेजस हर्षदकुमार शाह है, जो पुणे स्थित डॉ. अभंग प्रभु मेडिकल अकादमी (APMA) में फिजिक्स फैकल्टी है। आरोप है कि उसने गिरफ्तार आरोपी मनीषा हवालदार से NEET-UG 2026 के लीक फिजिक्स प्रश्न हासिल किए थे।

## महंगाई का असर अब रेलवे व्यवस्था पर भी, लावारिसों की मौत हुई 'दो हजार महंगी'

जबलपुर,(आरएनएस)। भारतीय रेलवे ने रेल पटरियों, स्टेशनों और ट्रेनों में मिलने वाले अज्ञात व लावारिस शवों की गरिमा बनाए रखने और उनके आदरपूर्वक अंतिम संस्कार को लेकर एक बेहद मानवीय कदम उठाया है। रेलवे बोर्ड के आईजी (प्रशासन) महेश्वर सिंह द्वारा जारी किए गए नवीनतम आदेश के अनुसार, अब ऐसे प्रत्येक शव के कफन-दफन और प्रबंधन के लिए दी जाने वाली अनुग्रह राशि को 5,000 रुपये से बढ़ाकर 7,000 रुपये कर दिया गया है। बोर्ड का यह संवेदनशील निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है, जिसे पश्चिम मध्य रेलवे (WCR) सहित देश के सभी जोनल रेलवे के महाप्रबंधकों और मुख्य सुरक्षा आयुक्तों को भेज दिया गया है। इस वित्तीय बढ़ोतरी से राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और आरपीएफ को क्षेत्रीय स्तर पर लावारिस शवों के निस्तारण, कफन सामग्री की व्यवस्था और शव वाहन (परिवहन) के खर्चों को सुचारू रूप से संभालने में बड़ी सहूलियत होगी।दरअसल, रेलवे परिसरों में मिलने वाले लावारिस शवों के संरक्षण और उनके दाह-संस्कार के दौरान स्थानीय अमले को फंड की कमी से जूझना पड़ रहा था। इस कार्य के लिए तय पुरानी दरें काफी समय पहले की थीं, जबकि मौजूदा समय में परिवहन खर्च, कफन-सामग्री और अंतिम क्रिया से जुड़ी अन्य आवश्यक सेवाओं की लागत में काफी इजाफा हो चुका है। इसी जमीनी हकीकत और व्यावहारिक समस्या को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्रालय के वित्त निदेशालय के साथ गहन मंथन किया गया। वित्त विभाग की हरी झंडी मिलने के बाद ही इस बजट को बढ़ाने का अंतिम और कल्याणकारी फैसला लिया गया।इस बड़े नीतिगत फैसले को धरातल पर क्रियान्वित करने के लिए रेलवे बोर्ड के आईजी प्रशासन महेश्वर सिंह ने एक आधिकारिक पत्र जारी किया है। इस आदेश पत्र में साफ तौर पर निर्देशित किया गया है कि बढ़ी हुई राशि के आहरण (विड्रॉल) और उपलब्धता में किसी भी स्तर पर प्रशासनिक लेती-देती या देरी नहीं होनी चाहिए। प्रति शव 2,000 रुपये की यह अतिरिक्त वृद्धि किसी भी अज्ञात मृतक को पूरे सम्मान के साथ अंतिम विदाई देने में बेहद मददगार साबित होगी। जबलपुर मुख्यालय वाले पश्चिम मध्य रेलवे सहित तमाम रेल मंडलों ने इस आदेश के तहत अपनी स्थानीय चौकियों और थानों को फंड जारी करने की प्रक्रिया भी

# प्रधानमंत्री ने देश भर में बढ़ते तापमान के मद्देनजर देशवासियों से सावधानी बरतने का आग्रह किया

नई दिल्ली, (आरएनएस)। प्रधानमंत्री ने भीषण गर्मी के दौरान सतर्क रहने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और संवेदनशील लोगों की देखभाल करने का आह्वान कियाप्रधानमंत्री ने लोगों से पशु-पक्षियों और भीषण गर्मी से प्रभावित लोगों की मदद करने की अपील कीप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विभिन्न हिस्सों में बढ़ते तापमान के मद्देनजर देशवासियों से हर संभव सावधानी बरतने का आग्रह किया है। श्री मोदी ने लोगों से पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, बाहर निकलते समय पानी साथ रखने और अत्यधिक गर्मी की स्थिति में दूसरों को पानी देकर उनकी मदद करने का आग्रह कियाप्रधानमंत्री ने चक्कर आना, मतली और अत्यधिक थकान के लक्षणों के प्रति लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि यदि कोई व्यक्ति अस्वस्थ दिखाई दे, कमजोरी या सिरदर्द महसूस कर रहा हो तो उसे तुरंत ठंडी और छायादार जगह पर ले जाकर पानी और ओआरएस उपलब्ध कराएं। श्री मोदी ने कहा कि बच्चे, बुजुर्ग और बाहर धूप में काम करने वाले लोग भीषण गर्मी के दौरान विशेष रूप से प्रभावित होते हैं और चेतावनी संकेतों को



नजरअंदाज़ करना हीटस्ट्रोक का कारण बन सकता है। श्री मोदी ने कहा कि बच्चे, बुजुर्ग और बाहर धूप में काम करने वाले लोग भीषण गर्मी के दौरान विशेष रूप से प्रभावित होते हैं और चेतावनी संकेतों को नजरअंदाज़ करना हीटस्ट्रोक का कारण बन सकता है। श्री मोदी ने लोगों से इस दौरान बुजुर्ग माता-पिता, दादा-दादी, नानी-नानी और अपने अन्य प्रियजनों का नियमित रूप से हालचाल पूछने तथा उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, दोपहर के समय घर से बाहर न निकलने और पर्याप्त आराम करने की सलाह देने का भी आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने करुणा पर बल देते हुए, नागरिकों से अपील की कि वे इस गर्मी में पशु-पक्षियों के लिए घरों, बालकनियों, छतों, दुकानों और कार्यालयों के बाहर पानी से भरे बर्तन रखें।

श्री मोदी ने श्रृंखलाबद्ध 'एक्स' पोस्ट में कहा:

देश के विभिन्न हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है और इसके साथ कई चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। यह गर्मी हम सभी के लिए कष्टदायी है और मैं आप सभी से यथासंभव सावधानी बरतने का आग्रह करता हूं। कृपया पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, बाहर निकलते समय अपने साथ पानी जरूर रखें। दूसरों को भी पानी पिलाएं। ऐसे मौसम में ऐसी करुणा बहुत मायने रखती है।गर्मी से होने वाली परेशानी जैसे चक्कर आना, मतली या अत्यधिक थकान पर ध्यान दें। अगर आपके आस-पास किसी को असामान्य रूप से अस्वस्थता, कमजोरी महसूस हो या सिरदर्द हो, तो उन्हें तुरंत ठंडी और छायादार जगह पर ले जाना सबसे अच्छा है।

## संभल में बकरीद पर हाई अलर्ट: डीएम-एसपी ने किया फ्लैग मार्च, संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात

संभल ,(आरएनएस)। बकरीद को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आ रहा है। संभल में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के लिए डीएम और एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने नखासा और कोतवाली क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया



अधिकारियों ने बाजारों, संवेदनशील इलाकों और प्रमुख मार्गों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा लोगों से आपसी भाईचारा और शांति बनाए रखने की अपील की। पैदल गश्त के दौरान अधिकारियों ने पुलिस कर्मियों को लगातार भ्रमणशील रहने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और प्रभावी चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए।

प्रशासन की ओर से संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी की गई है। जिससे की किसी प्रकार की अव्यवस्था न फैल सके। बृहस्पतिवार को बकरीद मनाई जाएगी। गुन्नौर और गांव सैंजना मुस्लिम समेत करीब 30 मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी।



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ़ विजय ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाक़ात की।

## अखिलेश का भाजपा पर तीखा हमलाः अगले चुनाव में धो-पटक कर सुखा देगी जनता

लखनऊ (ए)। समाजवादी पार्टी (एसपी) के प्रमुख और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में गहराते बिजली संकट को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा में अब कोई दम नहीं बचा है और राज्य की जनता आगामी चुनावों में उन्हें धो-पटक कर सुखा देगी। सपा प्रमुख यादव ने राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाकर कहा कि बिजली कटौती से जनता में भारी आक्रोश है।



अखिलेश ने मुख्यमंत्री योगी और ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा के बीच कथित आंतरिक कलह पर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि क्या ऊर्जा मंत्री को मुख्यमंत्री योगी की समीक्षा बैठकों में आमंत्रित किया जाता है, क्योंकि दोनों नेता अक्सर साथ नहीं दिखाते है। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में दोनों से कंधे पर हाथ रखकर एक तस्वीर साझा करने की चुनौती दी ताकि जनता को उनके आपसी सौहार्द का कुछ आभास हो सके। बिजली कटौती पर निराशा जताकर अखिलेश ने मुख्यमंत्री पर कटाक्ष किया कि शुक्र है कि उन्होंने इस भयानक बिजली संकट के पीछे दिल्ली से आए दूत की साजिश नहीं बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता के आक्रोश से बचने के लिए बिजली उप-स्टेशनों पर प्रादेशिक सशस्त्र कांस्टेबुलरी (पीएसी) कर्मियों को तैनात कर रही है। यादव ने कहा कि भाजपा विधायक और सांसद भी अपनी ही सरकार के खिलाफ पत्र लिखकर जनता के गुस्से से बचने की कायरतापूर्ण कोशिश कर रहे हैं। इससे पहले, मुख्यमंत्री योगी ने निर्बाध बिजली आपूर्ति को अपनी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया था। उन्होंने ऊर्जा विभाग, विद्युत निगम और वितरण कंपनियों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर पूरे राज्य में सुचारु और निर्बाध बिजली सुनिश्चित करने के लिए संवेदनशीलता, तत्परता और जवाबदेही के साथ काम करने के निर्देश दिए थे।

## ममता बनर्जी को बड़ा झटका, TMC सांसद काकोली घोष ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दिया

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी पार्टी टीएमसी को बड़ा झटका लगा है।



सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने बुधवार (27 मई) को पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है।

बारासात से टीएमसी सांसद ने महिला तृणमूल विंग की अध्यक्ष और अन्य पदों से इस्तीफा दिया है। हालांकि, वह सांसद के तौर पर अपना काम जारी रखेंगी। सांसद ने कहा कि वह गहरे मानसिक द्वंद्व और लंबे विचार-विमर्श के बाद पद छोड़ रही हैं। उन्होंने पार्टी नेतृत्व के प्रति सार्वजनिक रूप से अपनी निराशा जाहिर की थी। उन्होंने कहा, मेरे कार्यकाल के दौरान एक अन्य पढ़ी-लिखी महिला सांसद के अन्य महिला सांसदों के प्रति अनुचित व्यवहार को रोक पाना संभव नहीं हो पाया और न ही उच्च नेतृत्व से पर्याप्त सहयोग या सहानुभूति मिली। ऐसी स्थिति में बने रहने का अब कोई अर्थ नहीं रह गया है। पिछले एक दशक में पश्चिम बंगाल और पार्टी से जुड़े कई गंभीर आरोपों और घटनाओं ने मेरी अंतरात्मा को गहराई से झकझोर दिया है। राशन वितरण में भ्रष्टाचार, शिक्षकों की भर्ती में भ्रष्टाचार, और विभिन्न वित्तीय तथा प्रशासनिक अनियमितताओं ने आम लोगों के मन में गहरा गुस्सा और अविश्वास पैदा कर दिया है।

## आसाराम को हाईकोर्ट से बड़ा झटका : यौन उत्पीड़न मामले में उम्रकैद की सजा बरकरार, गैंगरेप के चार्ज हटाए; फौरन करना होगा सरेंडर



जोधपुर, (आरएनएस)। नाबालिग से दुष्कर्म मामले में सजा काट रहे स्वयंभू बाबा आसाराम को राजस्थान हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने उनकी उम्रकैद की सजा को बरकरार रखते हुए तत्काल सरेंडर करने का आदेश दिया है। आसाराम फिलहाल पैरोल पर जेल से बाहर है और अहमदाबाद में अपना इलाज करवा रहा है। हालांकि कोर्ट ने गैंगरेप के आरोप से उन्हें राहत दे दी।राजस्थान हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच, जिसमें जस्टिस अरुण मोंगा और जस्टिस योगेंद्र कुमार पुरोहित शामिल थे, ने यह फैसला सुनाया। अदालत ने 20 अप्रैल 2026 को अंतिम बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।यह मामला वर्ष 2013 का है, जब उत्तर प्रदेश की एक नाबालिग छात्रा ने आरोप लगाया था कि जोधपुर स्थित आसाराम के आश्रम में उसके साथ यौन शोषण किया गया। मामले ने देशभर में व्यापक सुर्खियां बटोरी थीं।

जोधपुर की विशेष पॉक्सो अदालत ने 25 अप्रैल 2018 को आसाराम को दोषी ठहराते हुए अंतिम सांस तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। अदालत ने सह-आरोपी शिल्पी उर्फ संचिता गुप्ता और शरतचंद को भी 20-20 साल के कठोर कारावास की सजा दी थी।ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए तीनों आरोपियों ने हाई कोर्ट में अपील दायर की थी। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने शिल्पी और शरतचंद को जमानत दे दी थी, जबकि आसाराम जोधपुर सेंट्रल जेल में बंद रहे। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने तर्क दिया था कि गैंगरेप और मानव तस्करी जैसे आरोप साबित नहीं होते और कई महत्वपूर्ण साक्ष्य अभियोजन के दावों का समर्थन नहीं करते। वहीं अभियोजन पक्ष ने कहा कि पीड़िता के बयान और अन्य साक्ष्य आरोपी के खिलाफ पर्याप्त हैं।हाई कोर्ट ने अपने फैसले में आसाराम की उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा, लेकिन गैंगरेप से जुड़े आरोपों में राहत दी। वहीं, सह-आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिलने पर उन्हें बरी कर दिया गया।

## खड़े ट्रक से टकराकर बस के उड़े परखच्चे, दो यात्रियों की मौत; 16 घायल

अयोध्या, (आरएनएस)। लखनऊ से गोरखपुर जा रही जनरथ बस खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में दो यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 16 लोग घायल हुए हैं, जिसमें नौ यात्रियों को गंभीर चोटें आईं हैं।

सभी जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना मंगलवार देररात जगनपुर के पास हुई। थाना रौनाही के उपनिरीक्षक आलोक यादव के अनुसार लखनऊ से चलकर अयोध्या की ओर जा रही रोडवेज बस जगनपुर के पास सड़क के किनारे खड़े खराब बड़े ट्रक में पीछे टकरा गई।

हादसे में बस के परखच्चे उड़ गए। हदसा खड़ी ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास में होना बताया गया है। इस दुर्घटना में कुशीनगर के अहिरौला निवासी साबिर तथा लखनऊ के गोमतीनगर निवासी सुरेश की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई। इसके अतिरिक्त घायलों में मानसी, सूर्यांशु कुशवाहा, आसमा, शशिप्रकाश, सतीशचंद्र, देवेंद्र मिश्र, शादाब खान, दीपक, नेहा, विमला देवी, समीर खान, सोनू कुमार, विमल शर्मा, जनार्दन, हरिशंकर व सुरेश हैं।

# हिंद महासागर में भारतीय नौसेना की बड़ी कार्रवाई, समुद्री डकैती की कोशिश को किया नाकाम

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय नौसेना ने समुद्री डकैती के एक बड़े कुप्रयास को विफल कर दिया। हिंद महासागर में समुद्री डाकुओं की सूचना मिलते ही नौसेना के जांबाज तुरंत हरकत में आए और समुद्री डाकुओं को घेर लिया। ये समुद्री डाकू एक मालवाहक जहाज को अपना निशाना बनाने की फिराक में थे। हालांकि भारतीय नौसेना द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई से समुद्री डाकुओं के मंसूबे नाकाम हो गए। नौसेना के मुताबिक ये कार्रवाई पश्चिमी हिंद महासागर में की गई है।

दरअसल, पश्चिमी हिंद महासागर में व्यापारी जहाज एमवी माशाअल्लाह 1 के आसपास समुद्री डाकू घेराबंदी की तैयारी में थे। इस बीच भारतीय नौसेना को समुद्री डाकुओं की गतिविधियों की सूचना मिली। यह जानकारी मिलने पर भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस कोलकाता ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संभावित खतरे को विफल कर दिया। भारतीय नौसेना की इस तेज और सतर्क प्रतिक्रिया से व्यापारी जहाज की सुरक्षा सुनिश्चित हुई तथा संभावित समुद्री डकैती की बड़ी घटना टल गई।

भारतीय नौसेना के अनुसार, जैसे ही क्षेत्र में संदिग्ध समुद्री गतिविधियों की जानकारी मिली, आईएनएस कोलकाता को तत्काल स्थिति का आकलन



करने और व्यापारी पोत की सुरक्षा के लिए सक्रिय किया गया। भारतीय युद्धपोत ने तेजी से मौके की ओर बढ़ते हुए संदिग्ध गतिविधियों की जांच की और अपनी मौजूदगी से समुद्री डाकुओं के इरादों को नाकाम कर दिया। इस कार्रवाई के दौरान व्यापारी जहाज एमवी माशाअल्लाह 1 को सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराया गया।

नौसेना ने बताया कि इस दौरान पूरे घटनाक्रम पर लगातार निगरानी रखी गई। नौसैनिकों की त्वरित प्रतिक्रिया के कारण किसी भी प्रकार की क्षति या अपहरण जैसी घटना नहीं हुई। भारतीय नौसेना ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में वह प्रमुख सुरक्षा भागीदार और प्रथम प्रतिक्रिया बल की भूमिका निभाते हुए लगातार समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है। नौसेना का उद्देश्य व्यापारी जहाजों की सुरक्षा, समुद्री डकैती पर नियंत्रण और अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों को सुरक्षित बनाए रखना है।

हाल के वर्षों में पश्चिमी हिंद महासागर और अदन की खाड़ी के आसपास समुद्री डकैती की घटनाओं में बढ़ोतरी देखने को मिली है। ऐसे में भारतीय नौसेना लगातार अपने युद्धपोतों और समुद्री निगरानी संसाधनों की तैनाती कर क्षेत्र में निगरानी बनाए हुए है। आईएनएस कोलकाता की यह कार्रवाई भारतीय नौसेना की त्वरित संचालन क्षमता और समुद्री सुरक्षा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

रक्षा विशेषज्ञों का कहना है नौसैनिक बल समुद्री सुरक्षा को लेकर पूरी तरह गंभीर है।

## सिर्फ दावों के आधार पर पूरे परिवार को कोर्ट में नहीं घसीट सकते', दहेज उत्पीड़न पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

नई दिल्ली, (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने घरेलू हिंसा और दहेज उत्पीड़न के मामलों को लेकर एक बेहद अहम फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया है कि केवल दावों और छोटे-मोटे आरोपों के आधार पर पति के रिश्तेदारों यानी ससुराल वालों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। इसके लिए अदालत में ठोस सबूत पेश करना अनिवार्य है। इसी के साथ जस्टिस संजय करोल और जस्टिस नोंगमेइकापम कोटिश्वर सिंह की बेंच ने ससुराल वालों के खिलाफ दर्ज दहेज उत्पीड़न और धारा 498ए के मामले को पूरी तरह रद्द कर दिया।

**मध्य प्रदेश के गुना से जुड़ा है यह पूरा मामला**

यह पूरा मामला मध्य प्रदेश के गुना जिले का है, जहां एक महिला ने अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ जनवरी 2023 में क्रूरता, घरेलू हिंसा और दहेज मांगने की शिकायत दर्ज कराई थी। महिला की शादी नवंबर 2019 में हुई थी। अपनी शिकायत में उसने आरोप लगाया था कि शादी के समय भारी मात्रा में नकद, गहने और घरेलू सामान दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद ससुराल वालों ने उससे और दहेज की मांग की और उसका उत्पीड़न किया। इसके बाद महिला ने आईपीसी की धारा 498ए, धारा 34 और दहेज अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कराया था।

# वाशिंगटन में बड़ा हादसा, पेपर मिल में केमिकल टैंक फटा; कई लोगों की मौत

सैन फ्रांसिस्को (ए.)। अमेरिका के वाशिंगटन राज्य के लॉन्गव्यू शहर में एक पल्प और पेपर मिल में केमिकल टैंक फटने से कई लोगों की मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सोशल मीडिया पर जारी एक संयुक्त बयान में निप्पॉन डायनाववे पैकेजिंग कंपनी और स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि टैंक फटने की वजह से कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए और कुछ की जान चली गई। हालांकि, अब तक मरने वालों की सही संख्या नहीं बताई गई है स्थानीय पुलिस, फायर विभाग और कंपनी अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार सुबह निप्पॉन डायनाववे पैकेजिंग फैक्ट्री में व्हाइट लिकर नाम के केमिकल वाला टैंक फट गया। यह केमिकल कागज बनाने की प्रक्रिया में इस्तेमाल होता है। वाशिंगटन के गवर्नर बॉब फर्ग्यूसन ने सोशल मीडिया पर हादसे में मारे गए लोगों के प्रति दुख जताया और कहा कि राज्य के इकोलॉजी विभाग के अधिकारी मौके पर भेजा गया है उन्होंने कहा, "मेरी टीम और मैं लॉन्गव्यू में हुए में लोगों की जान गई है। मेरी संवेदनाएं कर्मचारियों, उनके परिवारों और राहत-बचाव में लगे लोगों के साथ हैं। "लॉन्गव्यू फायर डिपार्टमेंट ने बताया कि वह निप्पॉन डायनाववे फैक्ट्री में हुए खतरनाक केमिकल हादसे पर काम कर रहा है। केमिकल ट्रीटमेंट वाले बड़े टैंक के फटने से कई लोग झुलस गए और घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल भेजा गया।



इस बड़े केमिकल विस्फोट की स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं। हमारे राज्य के इकोलॉजी विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच चुके हैं। यह सुनकर बहुत दुख हुआ कि इस हादसे

अधिकारियों ने कहा कि फिलहाल आम लोगों के लिए कोई खतरा नहीं है, लेकिन एहतियात के तौर पर लोगों से इलाके से दूर रहने को कहा गया है, ताकि राहत और बचाव का काम आसानी से चल सके यह फैक्ट्री वाशिंगटन और ओरेगन की सीमा के पास कोलंबिया नदी के किनारे स्थित है। वाशिंगटन स्टेट डिपार्टमेंट ऑफ इकोलॉजी के अनुसार, यहां क्राफ्ट पल्प और पेपर मिल के साथ-साथ लिक्विड पैकेजिंग प्लांट भी है। फिलहाल हादसे की वजह की जांच की जा रही है।

### आसमान से जमीन और पानी में गिरने लगे दर्जनों बेकाबू ड्रोन

सिडनी,(ए.)। दुनियाभर में आधुनिक मनोरंजन के रूप में ड्रोन शो की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है और इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटते हैं। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में आयोजित एक ऐसा ही भव्य ड्रोन शो अचानक बड़े हादसे में बदल गया। शो के दौरान दर्जनों ड्रोन अचानक तकनीकी खराबी के कारण नियंत्रण खो बैठे और सीधे नीचे गिरने लगे। इस अप्रत्याशित घटना के बाद आयोजकों को तुरंत कार्यक्रम रोकना पड़ा। इंटरनेट पर इस घटना का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उड़ते हुए ड्रोन अचानक बेकाबू होकर नीचे गिरते दिखाई दे रहे हैं। जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय वहां मौजूद अधिकांश दर्शक अपने मोबाइल फोन से शो का वीडियो बना रहे थे, जिसके कारण यह पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई।

## चांद के साउथ पोल पर लूनर ड्रोन और रोबोटिक रोवर भेजेगा नासा, जानें कब लॉन्च होगा 'मूनफॉल ड्रोन मिशन'



वॉशिंगटन (ए.)। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने चांद पर इंसानों की लंबे समय तक लगातार मौजूदगी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। एजेंसी ने चांद के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में ऑटोनॉमस लूनर ड्रोन, रोबोटिक रोवर और मजबूत कम्युनिकेशन नेटवर्क तैनात करने की विस्तृत योजनाओं के बारे में जानकारी दी है। नासा मुख्यालय में मून बेस कार्यक्रम की ब्रीफिंग के दौरान अधिकारियों ने बताया कि अब सिर्फ चांद पर उतरने तक सीमित नहीं रहना है, बल्कि वहां स्थायी ऑपरेशनल फॉर्मेट तैयार किया जाएगा। यह भविष्य के आर्टेमिस मिशन्स, वैज्ञानिक खोज और मंगल ग्रह अभियान के लिए आधार बनेगा। इस रणनीति का प्रमुख हिस्सा मूनफॉल ड्रोन मिशन है। यह ड्रोन चांद के रहस्यमयी इलाकों के बारे में पता लगाने, पानी की बर्फ की खोज करेगा और भविष्य के अंतरिक्ष यात्रियों के लिए सुरक्षित लैंडिंग साइट तैयार करेगा। नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) इन ड्रोन्स का निर्माण कर रही है, जबकि फायरफ्लाई एयरोस्पेस को कैरियर यान बनाने का जिम्मा सौंपा गया है। इस मिशन को साल 2028 में लॉन्च करने का लक्ष्य है। ये ड्रोन चांद की सतह पर धीरे-धीरे आगे बढ़ेंगे। खासतौर पर दक्षिणी ध्रुव के उन गहरे क्रेटर्स की खोज करेंगे जहां सूरज की रोशनी कभी नहीं पहुंचती। ड्रोन हाई-रिजॉल्यूशन तस्वीरें लेंगे, सेंटीमीटर स्तर की सटीकता से नक्शा बनाएंगे और चांद के अत्यधिक ठंडे तापमान में काम करने वाली नई तकनीकों का परीक्षण करेंगे। मून बेस प्रोग्राम के एग्जीक्यूटिव कार्लोस गार्सिया गोलान ने बताया, "ये ड्रोन हमें चांद के गहरे इलाकों की पड़ताल करने और वहां की वास्तविक स्थिति जानने में मदद करेंगे।" नासा के अनुसार, भविष्य का मून बेस किसी छोटे स्टेशन जैसा नहीं, बल्कि सैकड़ों वर्ग मील में फैले शहर जैसा होगा। रहने की जगहें ऊंची चोटियों पर बनाई जाएंगी जहां सूरज की रोशनी मिल सके, जबकि न्यूक्लियर पावर सिस्टम सुरक्षा कारणों से कई किलोमीटर दूर रखे जाएंगे। मेन आर्किटेक्ट नुजोद मेरेंसी ने बताया, "जैसे-जैसे निर्माण आगे बढ़ेगा, यह धीरे-धीरे एक फैले हुए शहर जैसा रूप ले लेगा।" एजेंसी चांद के चारों ओर एक मजबूत संचार और नेविगेशन नेटवर्क भी विकसित कर रही है। इसमें सैटेलाइट्स का समूह शामिल होगा जो रोबोटिक और मानव अभियानों को निरंतर सहायता प्रदान करेगा। नासा एडमिनिस्ट्रेटर जेरेड आइजकमैन ने इसे स्पेस एक्सप्लोरेशन में बड़े बदलाव का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि नासा पूर्ण दक्षता और स्पष्ट उद्देश्य के साथ ऐसे मिशन कर रहा है।

## उत्तर कोरिया ने हल्के बहुउद्देश्यीय मिसाइल सिस्टम और क्रूज मिसाइलों का किया परीक्षण

**-किम ने परीक्षण पर संतोष जताया, बढ़ती सैन्य क्षमता को तकनीकी प्रगति का संकेत बताया**

सोल,(ए.)। उत्तर कोरिया ने एक नए हल्के बहुउद्देश्यीय मिसाइल लॉन्चिंग सिस्टम और कई सामरिक क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया है। दावा किया जा रहा है कि ये मिसाइलें दुश्मनों के एयर डिफेंस सिस्टम को चकमा देने में माहिर हैं। यह कदम प्योंगयांग के लगातार जारी हथियार आधुनिकीकरण कार्यक्रम का हिस्सा हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इससे एक दिन पहले दक्षिण कोरिया की सेना ने उत्तर कोरिया के नॉर्थ प्योंगान प्रांत के जोंगजू इलाके से पीला सागर की ओर कई कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों और आर्टिलरी रॉकेट दागे जाने का पता लगाया था। सीआरबीएम यानी ऐसी बैलिस्टिक मिसाइलें जिनकी मारक क्षमता 300 किलोमीटर से कम होती है।



रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार का यह परीक्षण "राष्ट्रीय रक्षा विकास की पांच वर्षीय योजना" के तहत मिसाइल और तोपखाना बलों के आधुनिकीकरण का हिस्सा था। रिपोर्ट में कहा गया कि परीक्षण के दौरान सामरिक बैलिस्टिक मिसाइलों के विशेष वारहेड की क्षमता, 240 मिमी नियंत्रित आर्टिलरी रॉकेट की विश्वसनीयता और एआई-आधारित मार्गदर्शन प्रणाली से लैस सामरिक क्रूज मिसाइल की सटीक निशानेबाजी का मूल्यांकन किया गया। बताया गया है कि किम जोंग-उन ने इस परीक्षण पर बहुत संतोष व्यक्त किया और इसे उत्तर कोरिया की बढ़ती सैन्य क्षमता और तकनीकी प्रगति का स्पष्ट संकेत बताया है।

## 'हमला जारी रहा तो जोरदार जवाब दिया जाएगा' अमेरिकी अटैक के बाद ईरान ने दी खुली चेतावनी



तेहरान(ए.)। ईरान इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर उस पर हमला जारी रहा तो वह जवाबी कार्रवाई करेगा। यह बयान उस समय आया जब अमेरिकी सेना ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के पास ईरानी मिसाइल लॉन्च साइट्स और हथियारबंद नौकाओं पर हमला किया। आईआरजीसी ने यह भी दावा किया कि पिछले 24 घंटों में 25 जहाज स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से उसकी निगरानी और सुरक्षा में सुरक्षित तरीके से गुजरे। इनमें तेल टैंकर, कंटेनर शिप और दूसरे कारोबारी जहाज शामिल थे। आईआरजीसी के मुताबिक, इन जहाजों ने पहले अनुमति ली थी और फिर सुरक्षित रास्ता दिया गया।

आईआरजीसी की आधिकारिक न्यूज एजेंसी सेपा न्यूज में जारी बयान में कहा गया कि उसकी नौसेना स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर 'स्मार्ट और कड़ा नियंत्रण' बनाए हुए है। साथ ही चेतावनी दी गई कि किसी भी 'हमलावर कार्रवाई' का 'कड़ा और जोरदार जवाब' दिया जाएगा। इससे पहले सोमवार को अमेरिकी सेना ने दक्षिण ईरान में मिसाइल लॉन्च साइट्स और बारूदी सुरंगें बिछाने की कोशिश कर रही नौकाओं पर हमला किया था। यह जानकारी अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने दी। सेंट्रल कमांड के प्रवक्ता टिम हॉकिन्स ने बयान में कहा, "अमेरिकी सेना ने आज दक्षिणी ईरान में आत्मरक्षा के तहत कार्रवाई की, ताकि हमारे सैनिकों को ईरानी बलों से होने वाले खतरे से बचाया जा सके।" उन्होंने कहा कि निशानों में मिसाइल लॉन्च साइट्स और वे ईरानी नौकाएं शामिल थीं जो समुद्र में माइन बिछाने की कोशिश कर रही थीं। उन्होंने यह भी कहा कि "सीजफायर के दौरान भी अमेरिकी सेंट्रल कमांड संयम बरतते हुए अपनी सेना की सुरक्षा करता रहेगा।"इन हमलों से पहले से ही कमजोर चल रहे युद्धविराम पर खतरा बढ़ गया है। 8 अप्रैल से लागू इस सीजफायर के बीच अमेरिका और ईरान युद्ध खत्म करने के लिए समझौते की कोशिश कर रहे हैं। इस संघर्ष की वजह से दुनिया की अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ा है, खासकर तेल और ऊर्जा सप्लाई में भारी रुकावट आई है।ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के जरिए खाड़ी क्षेत्र में जहाजों की आवाजाही पर अपना नियंत्रण बनाए रखा है, जबकि अमेरिकी नौसेना ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी कर रही है।

## फीचर

### क्या गर्मियों में कोल्ड ड्रिंक पीने से पेट की समस्याएं हो सकती हैं? जानें सच्चाई



गर्मियों के दौरान ठंडे पेय पदार्थ का सेवन करना कई लोगों को पसंद होता है, खास तौर पर कोल्ड ड्रिंक का। हालांकि, कुछ लोग मानते हैं कि गर्मी के दौरान कोल्ड ड्रिंक पीने से पेट की समस्याएं हो सकती हैं। क्या वाकई ऐसा होता है? इस लेख में हम इसी भ्रम की सच्चाई जानेंगे और समझेंगे कि क्या वास्तव में कोल्ड ड्रिंक का सेवन करने से पेट की समस्याएं होती हैं या यह सिर्फ एक गलत धारणा है।

**कोल्ड ड्रिंक में मौजूद तत्व**

कोल्ड ड्रिंक में ज्यादा मात्रा में चीनी और नकली फ्लेवर होते हैं, जो सेहत के लिए हानिकारक हो सकते हैं। इन तत्वों के कारण वजन बढ़ना, शुगर यानि मधुमेह की बीमारी का खतरा और दांतों की समस्याएं हो सकती हैं। हालांकि, ये समस्याएं सीधे तौर पर पेट की समस्याओं से जुड़ी नहीं होतीं। अगर आप सीमित मात्रा में कोल्ड ड्रिंक का सेवन करते हैं तो इससे पेट की समस्याएं नहीं होतीं।

**ठंडा पानी बनाम कोल्ड ड्रिंक**

कुछ लोग मानते हैं कि ठंडा पानी भी पेट की समस्याओं का कारण बन सकता है। हालांकि, ठंडा पानी पीने से पाचन पर कोई बुरा असर नहीं पड़ता। ठंडा पानी पीने से पेट में कोई खास फर्क नहीं पड़ता। अगर आप ठंडा पानी पीते हैं तो इससे आपके शरीर को हाइड्रेशन मिलेगा और गर्मी का असर भी काफी हद तक कम हो जाएगा। हालांकि, कोल्ड ड्रिंक से डिहाइड्रेशन होने का डर होता है।

**पाचन पर असर**

कोल्ड ड्रिंक का सेवन करने से पाचन पर असर पड़ सकता है। कोल्ड ड्रिंक पीने से पेट की दीवारों पर असुविधा हो सकती है, जिससे गैस या अपच की समस्या खड़ी हो सकती है। कुछ मामलों में यह समस्या थोड़ी देर बाद सामान्य हो जाता है। हालांकि, अगर जलन और असुविधा बनी रहे तो आपको तुरंत डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए। ज्यादा मात्रा में कोल्ड ड्रिंक पीने से ही ऐसा होता है।

**सेहत पर प्रभाव**

अगर आप नियमित रूप से ज्यादा मात्रा में कोल्ड ड्रिंक का सेवन करते हैं तो इससे सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है। ज्यादा मात्रा में चीनी और नकली फ्लेवर होने के कारण यह पेय नुकसानदायक बन जाता है, जो वजन बढ़ने और पेट की समस्याओं का कारण बन सकता है। इसके अलावा इनमें कैफीन होने की वजह से ये कई अन्य समस्याएं भी खड़ी कर सकते हैं। कोल्ड ड्रिंक पीने से नींद उड़ती है और दांत खराब होते हैं।

## छोटी सी गलती की भी गुंजाइश नहीं, हैदराबादी लहजा सीखने के लिए हंसिका मोटवानी ने की घंटों प्रैक्टिस



फिल्मों में किसी किरदार को निभाना सिर्फ कैमरे के सामने अभिनय करना नहीं होता, बल्कि उस किरदार की सोच, रहन-सहन और बोलने के तरीके को पूरी तरह अपनाना भी होता है। कई कलाकार अपने किरदार को असली दिखाने के लिए महीनों तक तैयारी करते हैं। अभिनेत्री हंसिका मोटवानी भी इन दिनों कुछ ऐसी ही मेहनत करती नजर आ रही हैं। वह नई वेब सीरीज गली में अपने किरदार के लिए हैदराबाद की खास बोली और लहजे को सीखने पर काम कर रही है। अपने किरदार की तैयारी को लेकर हंसिका मोटवानी ने कहा, मुझे इस किरदार के लिए डायलॉग्स बोलने के तरीके पर सबसे ज्यादा काम करना पड़ा। सीरीज की कहानी हैदराबाद के पुराने शहर और चारमीनार इलाके के आसपास की दुनिया को दिखाती है, इसलिए मेरे लिए वहां की बोली को सही तरीके से समझना बेहद जरूरी था। मैं चाहती हूं कि मेरे डायलॉग्स बिल्कुल असली लगें और दर्शकों को ऐसा महसूस हो कि मेरा किरदार उसी माहौल का हिस्सा है हंसिका मोटवानी ने कहा, मैंने किसी डायलॉग ट्रेनर की मदद नहीं ली। मैंने खुद मेहनत करके अपनी तैयारी की। हालांकि, पूरी टीम साथ बैठकर कई बार वर्कशॉप करती थी, ताकि हर डायलॉग और हर शब्द सही तरीके से बोला जा सके। टीम के साथ बैठकर बार-बार डायलॉग्स पढ़ने और बोलने से मुझे काफी मदद मिली। इससे भाषा की बारीकियों को समझने का मौका मिला हंसिका ने आगे कहा, यह अनुभव मेरे लिए बिल्कुल नया था। मैंने पहले कभी इस तरह की बोली या लहजे में काम नहीं किया। यही वजह थी कि शुरुआत में मुझे काफी प्रैक्टिस करनी पड़ी। किसी खास बोली में अभिनय करना आसान नहीं होता, क्योंकि अगर एक छोटा सा शब्द भी गलत बोल दिया जाए तो वह तुरंत लोगों को महसूस हो जाता है। छोटी सी गलती भी दर्शकों के तुरंत पकड़ में आ जाती है, इसलिए मैं हर शब्द के उच्चारण और बोलने के अंदाज को लेकर बहुत सावधान रहती थी उन्होंने कहा, इस किरदार को निभाते समय मैं यह भी समझने की कोशिश कर रही थी कि उस इलाके के लोग कैसे बात करते हैं, कैसे अपनी भावनाएं व्यक्त करते हैं और किस तरह का लहजा इस्तेमाल करते हैं।

## क्या आपकी सनस्क्रीन सही से काम नहीं कर रही? जानिए इसके 5 संकेत



सनस्क्रीन का इस्तेमाल त्वचा को सूरज की हानिकारक किरणों से बचाने के लिए किया जाता है। हालांकि, कभी-कभी सनस्क्रीन सही से काम नहीं करती, जिसका अंदाजा ज्यादातर लोगों को नहीं होता। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे संकेतों के बारे में बताते हैं, जिनसे पता चलता है कि आपकी सनस्क्रीन त्वचा की सुरक्षा नहीं कर रही। इन संकेतों को पहचानकर आप अपनी सनस्क्रीन को बेहतर बना सकते हैं और अपनी त्वचा को सूरज की किरणों से सुरक्षित रख सकते हैं।

**त्वचा का रंग गहरा होना**

अगर आपकी त्वचा धूप में रहने से सनस्क्रीन लगाने के बाद भी गहरी होती जा रही है तो समझ जाइए कि आपकी सनस्क्रीन सही से काम नहीं कर रही। इसका मतलब होता है कि आपकी त्वचा को सूरज की हानिकारक किरणों से सुरक्षा नहीं मिल रही। ऐसे में हमेशा एक अच्छी गुणवत्ता वाली और ज्यादा सुरक्षा देने वाली सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें और इसे हर कुछ घंटों बाद दोबारा लगाएं।

**जलन या लालिमा महसूस होना**

अगर आपको अपनी त्वचा पर जलन या लालिमा महसूस होती है तो यह भी एक संकेत हो सकता है कि आपकी सनस्क्रीन सही से काम नहीं कर रही। अगर आप धूप में रहने के बाद जलन या लालिमा महसूस करते हैं तो तुरंत छाया में जाएं और अपनी सनस्क्रीन को फिर से लगाएं। इस तरह आप अपनी त्वचा को सूरज की हानिकारक किरणों से बचा सकते हैं और स्वस्थ रख सकते हैं।

**त्वचा का रंग असमान होना**

अगर आपकी त्वचा का रंग असमान लग रहा हो, जैसे कि धब्बे या कालापन दिखाई दे रहे हों तो इसका मतलब हो सकता है कि आपकी सनस्क्रीन सही से काम नहीं कर रही। ऐसी स्थिति में अपनी सनस्क्रीन को बदलें और यह सुनिश्चित करें कि वह आपकी त्वचा के प्रकार के अनुसार हो। अपनी सनस्क्रीन को सही तरीके से लगाएं, ताकि वह पूरी तरह से आपकी त्वचा को ढक सके और उसे सूरज की हानिकारक किरणों से बचा सके।

**समय से पहले झुर्रियां आना**

अगर आप समय से पहले झुर्रियों का अनुभव कर रहे हैं तो यह भी एक संकेत हो सकता है कि आपकी सनस्क्रीन सही से काम नहीं कर रही। सूरज की हानिकारक किरणें हमारी त्वचा को नुकसान पहुंचाती हैं, जिससे झुर्रियां जल्दी आती हैं। इसलिए, जरूरी है कि आप अपनी सनस्क्रीन को सही तरीके से लगाएं और नियमित रूप से इसका इस्तेमाल करें, ताकि आपकी त्वचा युवा और स्वस्थ बनी रहे।

**त्वचा का जल जाना**

अगर आपको त्वचा का जलना महसूस होता है तो तुरंत अपनी सनस्क्रीन को बदलें। त्वचा पर जलन होने का मतलब है कि आपकी पुरानी सनस्क्रीन आपकी त्वचा को सही तरीके से सुरक्षा नहीं दे पा रही थी। हमेशा ज्यादा सुरक्षा देने वाली सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें और इसे हर कुछ घंटों बाद दोबारा लगाएं। इन संकेतों को पहचानकर आप अपनी त्वचा की देखभाल बेहतर तरीके से कर सकेंगे और सूरज की हानिकारक किरणों से सुरक्षित रख सकते हैं।

### फिल्म अल्फा के लिए आलिया भट्ट की बड़ी तैयारी, पहली बार दिखेगा खतरनाक अवतार

यशराज फिल्म्स की पहली महिला सुपरहीरो फिल्म अल्फा 2026 में तहलका मचाने के लिए तैयार है। फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे फैंस के लिए एक बड़ी जानकारी सामने आई है, जो उन्हें उत्साहित कर देगी। दरअसल, फिल्म में आलिया भट्ट के किरदार को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। जिन लोगों को लगता है कि अभिनेत्री इसमें एक जासूस की भूमिका में होंगी, उनका अंदाजा बिल्कुल गलत है। दरअसल आलिया फिल्म में एक खतरनाक अवतार में दिखेंगी।



रिपोर्ट के मुताबिक, अल्फा में आलिया एक जासूस नहीं, बल्कि हत्यारे के किरदार में नजर आएंगी। फिल्म में ऐसी लड़की की कहानी दिखाई जाएगी, जिसे बचपन से हत्यारा बनने के लिए पाला-पोसा गया है। परियोजना से जुड़े सूत्र ने बताया कि निर्माता आदित्य चोपड़ा पहली बार एक ऐसी मूल कहानी दे रहे हैं, जो एक ऐसे किरदार से परिचय कराती है जो ग्रे शेड का है। एक तरह से एंटी-हीरो है। यह निश्चित रूप से दर्शकों को चौंका देगा।

अल्फा से जुड़े इस खुलासे ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। आलिया की तुलना मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में स्कारलेट जोहानसन द्वारा निभाए गए ब्लैक विडो के किरदार से हो रही है। वैसे यह कोई नई बात नहीं है, क्योंकि पिछले साल से सोशल मीडिया यूजर्स अल्फा की तुलना मार्वल फ्रैंचाइजी से करते आ रहे हैं और इसे ब्लैक विडो की नकल बता रहे हैं। 10 जुलाई को आ रही फिल्म में शरवरी और बॉबी देओल भी नजर आएंगे।

# छत्तीसगढ़ में मौसम का बदला मिजाज, कहीं हीटवेव तो कहीं गरजेंगे बादल

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ इस समय मौसम के दोहरे असर से जूझ रहा है। एक ओर प्रदेश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी और हीटवेव लोगों को बेहाल कर रही है, तो दूसरी ओर दक्षिणी जिलों में मौसम बदलने के संकेत मिल रहे हैं। नौतपा के दूसरे दिन प्रदेश के कई शहरों में तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। गर्म हवाओं और तेज धूप ने सुबह से ही लोगों का घरों से निकलना मुश्किल कर दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन दिनों तक प्रदेश में गर्मी से राहत मिलने की संभावना बेहद कम है। हालांकि इसके बाद तापमान में 2 से 4 डिग्री तक गिरावट आ सकती है। वहीं 29 मई से प्रदेश के कई हिस्सों में मेघगर्जन, तेज हवा और बारिश की गतिविधियां बढ़ने के संकेत दिए गए हैं।

**राजनांदगांव रहा सबसे गर्म, रायपुर में भी 44.5 डिग्री तापमान**

मंगलवार को प्रदेश का सबसे गर्म जिला राजनांदगांव रहा, जहां अधिकतम तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा दुर्ग में 44.7 डिग्री, रायपुर और बिलासपुर में 44.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। प्रदेश के अन्य प्रमुख शहरों की बात करें तो अंबिकापुर में 42.4 डिग्री, पेंड्रारोड में 42.2 डिग्री और जगदलपुर में 42 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ। वहीं न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे कम रहा। गर्मी का असर इतना अधिक है कि दोपहर के समय सड़कें सूनी नजर आ रही हैं। बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की आवाजाही कम हो गई है। अस्पतालों में भी डिहाइड्रेशन, उल्टी, चक्कर और हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है।



**अगले तीन दिन नहीं मिलेगी राहत, हीटवेव का अलर्ट जारी**

मौसम विभाग ने साफकिया है कि आने वाले तीन दिनों तक प्रदेश के कई जिलों में तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रह सकता है। गर्म हवाओं का असर जारी रहेगा और कई इलाकों में हीटवेव की स्थिति बनी रहेगी। विशेषज्ञों के अनुसार उत्तर-पश्चिम दिशा से आ रही गर्म और शुष्क हवाओं के कारण तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। दिन के साथ-साथ रात का तापमान भी सामान्य से ज्यादा बना हुआ है, जिससे लोगों को रात में भी उमस और गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही। मौसम विभाग ने नागरिकों को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक अनावश्यक बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है। साथ ही पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और धूप से बचाव के उपाय अपनाने को कहा गया है।

**29 मई से बदल सकता है मौसम**

भीषण गर्मी के बीच मौसम विभाग ने राहत भरी खबर भी दी है। विभाग के अनुसार 29 मई से प्रदेश के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज बदल सकता है। मेघगर्जन, तेज हवाएं, वज्रपात और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। अगले दो दिनों में प्रदेश के एक-दो स्थानों पर 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। इसके साथ ही गरज-चमक और बिजली गिरने की घटनाएं भी हो सकती हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी से नमी आने के कारण मौसम में यह बदलाव देखने को मिल सकता है।प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में मौसम ने करवट लेने के संकेत दिए हैं। मौसम विभाग ने सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर और कोंडागांव जिलों में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली और तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई है। इन जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग के अनुसार अचानक 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। कई इलाकों में हल्की बारिश भी हो सकती है, जिससे तापमान में आंशिक गिरावट आने के आसार हैं।

## विश्रामपुर थाने के बाहर टीएस और बैज कर धरना खत्म, तीन मांगों पर सहमति

### बैज और टीएस बाबा ने एक-दूसरे को नारियल पानी पिलाकर खत्म कराया प्रदर्शन

सूरजपुर/रायपुर (आरएनएस)। सूरजपुर जिले के बिश्रामपुर थाना के बाहर कांग्रेस के पीसीसी चीफ दीपक बैज और कांग्रेस के सीनियर नेता व पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव के द्वारा किया जा रहा भूख हड़ताल और आमरण अनसन अब समाप्त हो गया है। दोनों नेताओं ने एक दूसरे को नारियल पानी पिलाकर अपना प्रदर्शन समाप्त किया इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

विश्रामपुर थाना के बाहर कांग्रेस के द्वारा पिछले तीन दिनों से लगातार प्रदर्शन किया जा रहा था. आज सुबह भी कांग्रेस के नेताओं का प्रदर्शन चल रहा था, इसी बीच कांग्रेस के नेताओं में प्रदर्शन समाप्त करने की सहमति बनी। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने अपना भूख हड़ताल समाप्त किया. वहीं TS बाबा ने अपना आमरण अनशन समाप्त कर दिया है।

**नरेंद्र जैन की गिरफ्तारी पर क्या बोले अधिकारी**

जानकारी के मुताबिक कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन की पत्नी के द्वारा आवेदन दिए जाने के बाद पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ता के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया। दूसरी तरफ पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि नरेंद्र जैन की गिरफ्तारी तब तक नहीं की जाएगी जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती है। विवेचना अधिकारी को भी हटा दिया गया, नरेंद्र जैन के खिलाफ दर्ज एफआईआर के मामले की जांच डीएसपी रैंक के अधिकारी के द्वारा की जाएगी। हालांकि कांग्रेस नेता विश्रामपुर थाना प्रभारी के खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रहे थे, इस पर जिला प्रशासन ने उन्हें लंबी छुटुटी में भकज दिया है। नरेंद्र जैन के खिलाफ दर्ज आर्म्स एक्ट के केस को वापस लेने की मांग कर रहे थे, लेकिन बीच का रास्ता निकालने के बाद अब कांग्रेस का प्रदर्शन यहां समाप्त हो गया है।

## सुशासन तिहार शिविर में गिरा पीपल का पेड़,7 घायल

गरियाबंद, (आरएनएस)। गरियाबंद जिले के खरहरी में आयोजित सुशासन तिहार शिविर के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। कार्यक्रम स्थल के पास मौजूद एक विशालकाय पीपल का पेड़ अचानक गिर पड़ा, जिससे मौके पर अफ्रा-तफ्री मच गई।

जानकारी के मुताबिक, कार्यक्रम देखने के लिए कुछ लोग पेड़ पर चढ़े हुए थे। अचानक पेड़ गिरने से उस पर बैठे और आसपास मौजूद 7 लोग घायल हो गए, जिनमें 2 बच्चे भी शामिल हैं। हादसे में कई लोगों को हाथ-पैर में चोट और फ्रैक्चर आए हैं। घटना के समय जिला कलेक्टर समेत सभी वरिष्ठ अधिकारी कार्यक्रम स्थल पर मौजूद थे। हादसे के तुरंत बाद कलेक्टर ने संवेदनशीलता दिखाते हुए सुशासन तिहार शिविर कार्यक्रम को तत्काल स्थगित करने के निर्देश दिए।

प्रशासन और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों का रेस्क्यू कर उन्हें गरियाबंद जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम इलाज में जुटी हुई है। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. हरीश चौहान ने बताया कि कुछ घायलों के हाथ और पैर में मामूली फ्रैक्चर है तथा सभी का उपचार जारी है।

## अरूण पांडे नए प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख नियुक्त

रायपुर, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ सरकार ने भारतीय वन सेवा में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए वरिष्ठ अधिकारी अरूण पांडे को नया प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख नियुक्त किया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग से आदेश जारी कर दिया गया है। अरूण पांडे अब वर्तमान पीसीसीएफ व्ही. श्रीनिवासन राव की जगह जिम्मेदारी संभालेंगे। राव 31 मई को सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं।

कई वरिष्ठ अधिकारियों के नामों पर किया गया विचार

राज्य सरकार के इस फैसले को वन विभाग में बड़े बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है। लंबे समय से नए पीसीसीएफ की नियुक्ति को लेकर प्रशासनिक स्तर पर चर्चा चल रही थी। रिटायरमेंट से पहले विभाग में नए नेतृत्व को लेकर कई वरिष्ठ अधिकारियों के नामों पर विचार किया गया। इसके लिए विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक भी आयोजित की गई थी।

आखिरकार अरूण पांडे के नाम पर बनी सहमति

जानकारी के मुताबिक, डीपीसी की बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों अरूण पांडे, अनिल साहू और कौशलेंद्र कुमार के नामों पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों के अनुभव, सेवा रिकॉर्ड और विभागीय कार्यशैली को ध्यान में रखते हुए आखिरकार अरूण पांडे के नाम पर सहमति बनी। इसके बाद राज्य सरकार ने उनके नाम को मंजूरी देते हुए आधिकारिक आदेश जारी कर दिया। अरूण पांडे को वन विभाग में लंबे अनुभव वाला अधिकारी माना जाता है। उन्होंने विभाग के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है और वन संरक्षण, जैव विविधता और प्रशासनिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई है।

## सुशासन एक्सप्रेस से बढ़ी लोगों की उम्मीद गांव-गांव पहुंच रहा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ



रायपुर (ए)। प्रदेश में अंतिम व्यक्ति तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई 'सुशासन एक्सप्रेस' ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों के लिए बड़ी उम्मीद बनकर उभरी है। जिला प्रशासन द्वारा नारायणपुर जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित विशेष शिविरों और अभियानों के माध्यम से अब ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी प्रमाण पत्रों, कार्डों और स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ सीधे उनके गांव में ही मिल रहा है। प्रशासन के इस कदम से लोगों के समय और आर्थिक संसाधनों की बड़ी बचत हो रही है। जिला प्रशासन से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, 25 मई 2026 तक सुशासन एक्सप्रेस के माध्यम से कुल 27 हजार 712 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से प्रशासन की सजगता के चलते 18 हजार 431 आवेदनों का सफलतापूर्वक निराकरण किया जा चुका है, जबकि शेष 9 हजार 281 आवेदन वर्तमान में प्रक्रियाधीन हैं। कई मामलों में शिविर स्थल पर ही त्वरित निराकरण कर ग्रामीणों को तुरंत राहत पहुंचाई जा रही है। सुशासन एक्सप्रेस शिविरों में नागरिकों की सहूलियत के लिए विभिन्न विभागों की सेवाओं को एक जगह केंद्रित किया गया है। अब तक 10 हजार 682 आधार कार्ड एमबीयू (मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेट) और 2 हजार 601 नए और संशोधित किये गए है। इसी तरह 4 हजार 068 आयुष्मान कार्ड जारी किए गए और 1 हजार 524 नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं दी गईं है। शिविरों में निर्वाचन फॉर्म-6 से संबंधित 3 हजार 795 आवेदनों का निष्पादन किया गया है। इसके साथ ही 816 जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, 737 राशन कार्ड और 818 नए बैंक खाते खोले गए।पीएम सम्मान निधि के 282 प्रकरणों का निराकरण किया गया।किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (KCC), ऋण पुस्तिका, कृषि यंत्र, पीएम किसान योजना का लाभ और ई-केवाईसी (e-KYC) जैसी जरूरी सुविधाएं भी मौके पर ही दी जा रही हैं। प्रशासन द्वारा जिले के उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जहां से लोगों को जिला मुख्यालय या शासकीय कार्यालयों तक आने में कठिनाई होती थी। वर्तमान में सुदूर वनांचल के ग्राम आदनार, बम्हनी, कुतुल, गुदाड़ी, आमासरा, नेलवाड़, पोचावाड़ा, ओरछा, मालिंगनार, बागबेड़ा, धुरबेड़ा, कोलियारी, कच्चापाल, बड़ेजम्हरी और घमंडी सहित कई अंदरूनी गांवों में लगातार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

### प्रशांति वृद्धाश्रम के बुजुर्ग को व्हीलचेयर देने के बजाए समाज कल्याण विभाग पर उच्च अधिकारियों को गुमराह करने का आरोप

कोरबा (आरएनएस)। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक बुजुर्ग को बड़ी व्हीलचेयर देने के बजाए अपने उच्च अधिकारियों और मीडिया को गुमराह करने में लगे हुए हैं। प्रशांति वृद्धाश्रम में निवासरत 74 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक हीरालाल चैहान के लिए 19 फरवरी, 2026 को लिखित आवेदन प्रस्तुत कर समाज कल्याण विभाग, कोरबा के उप संचालक से बड़ी साइज की व्हीलचेयर की मांग की गई थी। दो माह से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी व्हीलचेयर नहीं देने पर 27 अप्रेल, 2026 को कलेक्टर के समक्ष लिखित शिकायत प्रस्तुत करते हुए बड़ी साइज की व्हीलचेयर उपलब्ध कराने अनुरोध किया गया। 19 फरवरी के आवेदन में स्पष्ट किया गया था कि प्रषांति वृद्धाश्रम में पर्याप्त संख्या में व्हीलचेयर उपलब्ध है, लेकिन सभी छोटी साइज की हैं। हीरालाल चैहान के लिए बड़ी साइज की व्हीलचेयर की आवश्यकता है। बुजुर्ग श्री चौहान द्वारा उपयोग की जा रही बड़ी साइज की व्हीलचेयर क्षतिग्रस्त हो चुकी है। कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत शिकायत पत्र में भी इसे स्पष्ट किया गया था। इधर, 26 मई को जनसंपर्क के माध्यम से समाज कल्याण विभाग के उप संचालक हरीश सक्सेना ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कराई है कि 19 दिसंबर 2025 को हीरालाल चैहान को व्हीलचेयर उपलब्ध करा दी गई है।

# खेल समाचार

## भारत को शूटिंग में पहला एशियाई स्वर्ण जिताने वाले दिग्गज निशानेबाज रणधीर सिंह का निधन, 79 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस

चंडीगढ़ (आरएनएस)। भारतीय खेल जगत से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। एशियाई खेलों की निशानेबाजी (शूटिंग) स्पर्धा में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतने वाले महान निशानेबाज रणधीर सिंह का आज निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे और पिछले काफी समय से बढ़ती उम्र से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं और बीमारियों से जूझ रहे थे। रणधीर सिंह के निधन से देश के खेल प्रेमियों और ओलंपिक बिरादरी में शोक की लहर दौड़ गई है।

**हाल ही में खराब स्वास्थ्य के चलते OCA के अध्यक्ष पद से दिया था इस्तीफा**

दिग्गज निशानेबाज और खेल प्रशासक रणधीर सिंह ने हाल ही में लगातार बिगड़ती सेहत के कारण 'ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया' (OCA) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। वह साल 2024 में इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय खेल संगठन के अध्यक्ष के रूप में चार साल के कार्यकाल के लिए चुने गए थे। खेल जगत में उनके अभूतपूर्व योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।



रणधीर सिंह ने साल 1978 में बैंकॉक में आयोजित हुए एशियाई खेलों के दौरान ट्रैप शूटिंग इवेंट में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) जीतकर इतिहास रचा था, जो शूटिंग में भारत का पहला गोल्ड था। इसके बाद उन्होंने 1982 के दिल्ली एशियाई खेलों में कांस्य पदक (ब्रॉन्ज) और 1986 के एशियाई खेलों में रजत पदक (सिल्वर) भी अपने नाम किया था। रणधीर सिंह ने कुल पांच बार ओलंपिक खेलों और 1978 के राष्ट्रमंडल खेलों (कॉमनवेल्थ गेम्स) में देश का प्रतिनिधित्व किया था। खेलों में उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए भारत सरकार ने उन्हें 1979 में प्रतिष्ठित 'अर्जुन पुरस्कार' से सम्मानित किया था।

रणधीर सिंह अपने पीछे पत्नी विनीता और तीन बेटियों (महिमा, सुनैना और राजेश्वरी) का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। खेल की यह विरासत उनकी बेटी राजेश्वरी कुमारी भी आगे बढ़ा रही हैं, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर की ट्रैप शूटर हैं और उन्होंने 2022 के एशियाई खेलों में भारत के लिए रजत पदक जीता था। वास्तव में रणधीर सिंह का पूरा परिवार ही भारतीय खेल इतिहास का एक गौरवशाली हिस्सा रहा है। उनके पिता राजा भालिंद्र सिंह प्रथम श्रेणी के क्रिकेटर थे और 1947 से 1992 तक अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) के सदस्य रहे। वहीं, उनके चाचा पटियाला के महाराजा यादविंद्र सिंह ने भी भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेला था और वे भी आईओसी (IOC) के सम्मानित सदस्य रहे थे।

## आईपीएल 2026 : ऑरेंज कैप के लिए सुदर्शन और पर्पल कैप के लिए भुवनेश्वर सबसे आगे

मुम्बई (ए.)। आईपीएल के 19 वें सत्र में अब सबसे अधिक रनों के लिए मिलन वाली ऑरेंज कैप और सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाली पर्पल कैप के लिए मुकाबला अंतिम दौर में पहुंच गया है। ऑरेंज कैप की दौड़ में अभी भी गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन नंबर एक पर बने हुए हैं। सुदर्शन के अभी तक सबसे अधिक 652 रन हैं। वहीं दूसरे नंबर पर गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल है। नंबर एक जबकि गिल 618 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वहीं सनराइजर्स के हेनरिक क्लासेन 606 रन बनाकर तीसरे नंबर पर हैं।



आरसीबी के विराट कोहली के इस सत्र में कुल रन 600 हो गए और उन्होंने इस प्रकार दिल्ली कैपिटल्स केएल राहुल को पीछे छोड़ते हुए चौथा स्थान हासिल कर लिया। राहुल 593 रन बनाकर पांचवे नंबर पर हैं।वहीं सबसे अधिक विकेटों के लिए मिलने वाली पर्पल कैप की सूची में आरसीबी के तेज भुवनेश्वर कुमार 26 विकेट लेकर पहले। वहीं गुजरात के केसिगो रबाडा भी 26 विकेट लेकर दूसरे नंबर पर हैं। रबाडा इकॉनमी 13.50 रही। भुवनेश्वर इससे बेहतर इकॉनमी रेट के कारण पहले नंबर पर हैं। राजस्थान रॉयल्स के जोफ्रा आर्चर 21 विकेट लेकर तीसरे जबकि सीएसक के अंशुल कंबोज भी 21 विकेट लेकर चौथे नंबर पर हैं।

### पंजाब किंग्स के प्लेऑफ से बाहर होते ही अर्शदीप सिंह ने 200 से ज्यादा पोस्ट की डिलीट, कोहली के साथ वाला वीडियो भी गायब

नईदिल्ली (आरएनएस)। आईपीएल 2026 से पंजाब किंग्स के बाहर होते ही टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह सुर्खियों में आ गए हैं. उन्होंने अचानक अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम से 200 से ज्यादा पोस्ट डिलीट करके सबको हैरान कर दिया. अब उनकी प्रोफाइल पर सिर्फ 45 पोस्ट बचे हैं, जिनमें ज्यादातर विज्ञापन और पेड पार्टनरशिप वाले पोस्ट हैं।



अर्शदीप के इस फैसले से उनके कई वायरल वीडियो रातों-रात सोशल मीडिया से गायब हो गए, जिनमें भारत के चैंपियन ट्रॉफी 2025 के जश्न के दौरान विराट कोहली के साथ उनकी एक बहुत ज्यादा शेयर की गई रील भी शामिल थी।

इतने सारे पोस्ट डिलीट करने की असल वजह अभी तक सामने नहीं आई है और न ही अर्शदीप सिंह या उनकी टीम की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी किया है. हालांकि ऐसी अफवाह भी फैली, जिसमें कहा गया कि अर्शदीप ने पंजाब किंग्स से जुड़ी अपनी सारी निशानियां मिटा दी हैं, लेकिन ऐसा नहीं था. क्योंकि क्रिकेट से जुड़ा उनका जो सबसे नया पोस्ट अभी भी दिख रहा है, उसमें पंजाब किंग्स की टीम की एक तस्वीर है, जिसका कैप्शन है- सब्र, शुक्र, पंजाब वहीं दूसरी ओर अब इस बात को लेकर भी अटकलें तेज हो गई हैं कि क्या 27 वर्षीय यह खिलाड़ी अपनी छवि को नए सिरे से गढ़ने (रीब्रांड करने) की कोशिश कर रहा है, हाल के विवादों से दूरी बना रहा है, या फिर मैदान के अंदर और बाहर, दोनों जगह एक उथल-पुथल भरे सीजन के बाद बस शोर-शराबे से दूर हटना चाहता है।

अर्शदीप को इंडियन प्रीमियर लीग के 2026 सीजन में उतार-चढ़ाव भरे प्रदर्शन का सामना करना पड़ा. टूर्नामेंट के दौरान उनके द्वारा मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज तिलक वर्मा पर की गई एक कथित नस्लवादी टिप्पणी तेजी से वायरल हो गई. जिसकी वजह से अर्शदीप की सोशल मीडिया पर काफी आलोचना की गई, और पूर्व क्रिकेटरों तथा प्रशंसकों ने इस घटना के लिए जवाबदेही तय करने और इसकी औपचारिक जांच की मांग भी की।

## रांची में चार दिन तक टूटते रहे एथलेटिक्स के रिकॉर्ड्स! गुरविंदरवीर, विशाल टीके और तेजस्विन शंकर ने रचा इतिहास

रांची, (आरएनएस)। राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा स्टेडियम में 22 से 25 मई 2026 तक आयोजित 29वीं नेशनल सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता भारतीय एथलेटिक्स के इतिहास में एक यादगार अध्याय बन गया।

एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, झारखंड सरकार के खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग और झारखंड एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से 750 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. चार दिन तक चले इस आयोजन में राष्ट्रीय रिकॉर्ड, मीट रिकॉर्ड और कॉमनवेल्थ गेम्स क्वालिफिकेशन की झड़ी लग गई. ट्रैक से लेकर फील्ड इवेंट तक खिलाड़ियों ने ऐसा प्रदर्शन किया जिसने भारतीय एथलेटिक्स को नई ऊंचाई दी।

इस प्रतियोगिता के पहले दिन ही भारतीय स्प्रिंटिंग में नया इतिहास देखने को मिला। पुरुष 100 मीटर के सेमीफाइनल में ओडिशा के अनिमेष कुजूर ने 10.15 सेकेंड का समय निकालकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। स्टेडियम में मौजूद दर्शक इस प्रदर्शन के बाद उत्साह से झूम उठे. वहीं महिला लंबी कूद में एन्सी सोजन ने 6.75 मीटर की छलांग लगाकर नया मीट रिकॉर्ड अपने नाम किया।

पहले दिन महिला लंबी कूद, पुरुष और महिला 10 हजार मीटर दौड़, महिला डिस्कस थ्रो, पुरुष हैमर थ्रो तथा पुरुष और महिला 3000 मीटर स्टीपलचेज के फाइनल मुकाबले आयोजित हुए. खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही संकेत दे दिया कि रांची में इस बार कई रिकॉर्ड टूटने वाले हैं।

इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन पुरुष और महिला 100 मीटर, 400 मीटर, महिला ट्रिपल जंप, महिला शॉटपुट, महिला जेवलिन थ्रो, महिला 1500 मीटर और डेकाथलन सहित कुल 11 स्पर्धाओं के फाइनल मुकाबले हुए।

इसी दिन पंजाब के गुरविंदरवीर सिंह ने पुरुष 100 मीटर फाइनल में 10.09 सेकेंड का समय निकालकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना दिया।

## एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप पर हैं मनु की नजरें



नई दिल्ली (ए.)। ओलंपिक पदक विजेता महिला निशानेबाज मनु आजकल एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारियों में लगी हैं। मनु का लक्ष्य इन टूर्नामेंटों में बेहतर प्रदर्शन कर पेरिस ओलंपिक क्वालिफिकेशन चक्र के लिए अपनी दावेदारी पक्की करना है। मनु का कहना है कि अभी उनका ध्यान अपना फॉर्म बनाये रखते हुए बेहतर प्रदर्शन करने पर है।

मनु ने दृढ़ता से कहा, इस साल एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप जैसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट्स हमारे सामने हैं, और हम इन दोनों बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने कोच के साथ बैठकें की हैं और आगामी टूर्नामेंट्स तथा अपनी तैयारी की एक संपूर्ण और सुनियोजित रूपरेखा तैयार कर ली है। इससे ये साफ है कि उनकी रणनीति केवल तात्कालिक सफलता पर नहीं, बल्कि एक लंबी अवधि की योजना का हिस्सा है।

उन्होंने पिछले साल 10 मीटर एयर पिस्टल में वर्ल्ड कप रजत पदक जीता और इस साल भी 25 मीटर पिस्टल में एशियन चैंपियनशिप में रजत हासिल किया। अब उनका लक्ष्य एक बार फिर अपनी पुरानी, शीर्ष स्तरीय लय हासिल करना है, जो उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक निर्विवाद मजबूत दावेदार बनाएगी। यह वापसी केवल उनके लिए नहीं, बल्कि भारतीय शूटिंग जगत के लिए भी प्रेरणा का स्रोत होगी।

## शुभमन ने हार के लिए खराब फील्डिंग को जिम्मेदार बताया

धर्मशाला (ए.)। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल आईपीएल 2026 के पहले क्वालिफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मिली हार से निराश नजर आये। शुभमन ने इस बार के लिए खराब फील्डिंग को जिम्मेदार बताया। साथ कहा कि उनकी टीम दबाव का सामना ठीक से नहीं कर पायी। इस मैच में गुजरात टाइटंस की टीम बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए ढ़ह गयी और उसे 92 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा। मैच में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 254 रन बनाये थे। जिसके बाद गुजरात केवल 162 रन ही बना पायी।

शुभमन ने टीम की बार के कारणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी टीम मैच में बनी हुई थी पर कई अवसरों पर हुई गलतियों ने मुकाबला उनके हाथ से फिसल गया। साथ ही कहा कि 12वें-13वें ओवर तक उनकी टीम मुकाबले में थी पर जिस प्रकार से कैच गिरे उससे विरोधी टीम हावी हो गयी। शुभमन ने कहा, मुझे लगता है कि हम 12वें-13वें ओवर तक मैच में अच्छी स्थिति में थे। हमारी फील्डिंग बिल्कुल स्तर के अनुसार नहीं थी हालांकि हम ये मैच भूलकर अब दूसरे क्वालीफायर में जीतने का प्रयास करेंगे।उन्होंने साथ हीकहा, दबाव वाले मौकों पर हम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके।

## भारत दौरे के लिए अफगानिस्तान टीम का हुआ ऐलान, इस खिलाड़ी को बनाया गया कप्तान

नईदिल्ली (आरएनएस)। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारत के खिलाफ होने वाली आगामी मल्टी-फॉर्मेट सीरीज के लिए 15-सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है. हशमतुल्लाह शाहिदी को वनडे सीरीज और एकमात्र टेस्ट के लिए टीम की कप्तानी सौंपी गई है।

भारत के खिलाफ इस प्रतिष्ठित सीरीज के लिए अफगानिस्तान की टीम में राशिद खान, रहमानुल्लाह गुरबाज, मोहम्मद नबी और अजमतुल्लाह उमरजई जैसे दिग्गज खिलाड़ी शामिल हैं।

भारत और अफगानिस्तान के बीच घरेलू सीरीज की शुरुआत 6 से 10 जून तक न्यू चंडीगढ़ में होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच से होगी, जिसके बाद वनडे सीरीज शुरू होगी। जो क्रमश: 13, 17 और 20 जून को धर्मशाला, लखनऊ और चेन्नई में खेली जाएगी।

वनडे टीम में अनुभवी खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है. उम्मीद है कि गुरबाज और इब्राहिम जादरान पारी की शुरुआत करेंगे. शाहिदी, रहमत शाह और दरवेश रसूलि से मध्यक्रम को मजबूती मिलने की उम्मीद है, जबकि ऑलराउंडर नबी और उमरजई टीम को एक बेहतरीन संतुलन प्रदान करेंगे। वहीं गेंदबाजी एक बार फिर राशिद खान के इर्द-गिर्द ही केंद्रित रहने की उम्मीद है। उनके साथ युवा स्पिनर गजनफर और तेज गेंदबाज बिलाल सामी, फरीद मलिक और जिया-उर-रहमान शरीफी को भी टीम में शामिल किया गया है।

# भारतीय किसान संघ के संभाग स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने कमिश्नर से मुलाकात की

## संभाग के तीनों जिलों की किसानों की 26 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

नर्मदापुरम (निप्र)। भारतीय किसान संघ के संभाग स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रांत अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान के नेतृत्व में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयुक्त कार्यालय में संभाग आयुक्त श्रीकांत बनोट से भेंट कर उन्हें 26 सूत्री ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संभाग के तीनों जिलों हरदा बैतूल एवं नर्मदपुरम के किसानों की किसान हितैषी समस्याओं बाबत उनके निराकरण की मांग की गई जैसे हरदा जिले में तहसील रहतगांव मैं स्वीकृत डीएमओ गोदाम हेतु राजस्व भूमि का आवंटन बैतूल जिले में पोही जलाशय के अधूरे काम को शीघ्र पूरा करनेण् नर्मदापुरम में जिला सहकारी बैंक का व्यावसायिक लोन शक्ति के साथ वसूल करने सीवरेज योजना में कंपनी द्वारा शहर की सड़कों का व्यवस्थित नवीनीकरण करवाने आदि मांगों से आयुक्त को अवगत करवाते हुए उनके निराकरण की मांग की है लगभग 2 घंटे चली बैठक मेंआयुक्त ने प्रतिनिधिमंडल के ज्ञापन पर बिंदुवार संज्ञान लेते हुए इन समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन देकर कहा की संभाग एवं जिला प्रशासन किसानों के हित में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है और समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। बैठक में तीनों जिले के संभाग स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे जिनमें हरदा से संभागीय अध्यक्ष



विनोद पाटिल ब्रजमोहन राठौर विष्णु गौड़ हरिओम गौर बैतूल से संभागीय उपाध्यक्ष अशोक मालैया प्रकाश गाडगे नर्मदापुरम से उदय पांडे देवेंद्र पटेल श्रीराम दुबे शिव मोहन सिंह गुलाब सिंह मंगल सिंह ग्यारस पटेल ओम प्रकाश उपाध्याय नवाब सिंह रेबक सिंह बृजेश राजपूत ओंकार सिंह एवं शंकर सिंह उपस्थित रहे।

**नर्मदापुरम में 25वें योग काउंटडाउन कार्यक्रम का सफल आयोजन, 681 लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास**

नर्मदापुरम (निप्र)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2026 की तैयारियों के तहत आयुष विभाग नर्मदापुरम द्वारा बुधवार को 25वें काउंटडाउन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। घर-घर योग, हर व्यक्ति निरोग अभियान के अंतर्गत जिले की समस्त आयुष संस्थाओं ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया।भारत सरकार, आयुष मंत्रालय द्वारा मध्यप्रदेश के खजुराहो में 25वें काउंटडाउन का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), मध्यप्रदेश के आयुष मंत्री, सांसद सहित अन्य विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित रहे। आयुष संचालनालय भोपाल के निर्देश एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. श्रीराम करोंजिया के मार्गदर्शन में नर्मदापुरम जिले की सभी आयुष संस्थाएं ऑनलाइन माध्यम से खजुराहो के मुख्य कार्यक्रम से जुड़ीं। जिले भर में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन हुआ जिसमें कुल 681 लाभार्थियों ने भाग लेकर योग किया।

## ओपन हैंडबॉल चैंपियनशिप में हिमालय अकादमी बनी विजेता

### मध्य प्रदेश पुलिस को हराकर खिताब पर कब्जा किया



नर्मदापुरम (निप्र)। प्रदेश के शुजालपुर नगर में हाल ही में संपन्न ओपन हैंडबॉल चैंपियनशिप में हिमालय हैंडबॉल अकादमी नर्मदापुरम की टीम ने फाइनल मुकाबले में मध्य प्रदेश पुलिस को हराकर खिताब पर कब्जा किया। चैंपियनशिप में बेस्ट स्कोरर का खिताब सुमित कहार को मिला तथा बेस्ट डिफेंडर का खिताब विकास सेन को मिला। टीम के कोच ऑस्कर एरिन मोजिस विनोद कुमार साहू ने निभाई। टीम के मेंटर के रूप में नर्मदापुरम जिला हैंडबॉल संघ सचिव डॉ सचिन खंपरिया रहे। इस उपलब्धि पर नर्मदापुरम जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ आशुतोष शर्मा जिला खेल अधिकारी सुश्री उमा पटेल सेमरिटेन्स स्कूल प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत वैशाली तिवारी एवं समस्त खेल प्रेमियों ने बधाई एवं आशीर्वाद देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मुख्य सचिव अनुराग जैन से मिले सांसद दर्शन सिंह चौधरी

### क्षेत्रीय विकास मुद्दों पर सौंपा पत्र मटकुली क्षेत्र को दूधी सिंचाई परियोजना से जोड़ने की मांग



**किसानों को मिलेगी बड़ी राहत प्रधानमंत्री के गाडरवारा आगमन की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव से हुई चर्चा**

भोपाल। नर्मदापुरम (निप्र)। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने बुधवार को मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन से सौजन्य मुलाकात कर विभिन्न जनहित एवं क्षेत्रीय विकास से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान सांसद ने पिपरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मटकुली क्षेत्र के सूखाग्रस्त ग्रामों को दूधी सिंचाई परियोजना से जोड़ने एवं परियोजना कार्यों में शीघ्र गति प्रदान किए जाने संबंधी पत्र मुख्य सचिव को सौंपा।सांसद ने बताया कि मटकुली एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को लंबे समय से सिंचाई संकट का सामना करना पड़ रहा है। वर्षा आधारित कृषि होने के कारण किसानों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है।

ऐसे में दूधी सिंचाई परियोजना से क्षेत्र के गांवों को जोड़ने से किसानों को पर्याप्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी तथा कृषि उत्पादन में वृद्धि के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। मुलाकात के दौरान सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित गाडरवारा आगमन को लेकर भी मुख्य सचिव अनुराग जैन से चर्चा की।

उन्होंने एनटीपीसी गाडरवारा में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक विषयों पर संवाद किया। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य शासन द्वारा क्षेत्र की जनसमस्याओं एवं विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए सकारात्मक पहल की जाएगी।

## शासकीय कार्यों में लापरवाही किसी भी प्रकार से बर्दाश्त नहीं की जाएगी : कलेक्टर सोमेश मिश्रा

*कलेक्टर ने कदाचरण एवं कृषकों से धोखाधड़ी की शिकायत पर राजस्व निरीक्षक को किया निलंबित*



नर्मदापुरम (निप्र)। अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर के प्रतिवेदन के आधार पर तहसील सोहागपुर में पदस्थ राजस्व निरीक्षक गुलाबचंद उईके को कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उनके विरुद्ध सीमांकन एवं अन्य शासकीय कार्यों में आमजन से निरंतर रिश्वत मांगने तथा कृषकों के साथ धोखाधड़ी करने संबंधी गंभीर शिकायतें प्राप्त हुई थीं। प्राप्त शिकायत पत्रों एवं शपथ पत्रों का परीक्षण किए जाने पर प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि संबंधित शासकीय सेवक का आचरण अपेक्षित नहीं है तथा उनके कृत्यों से प्रशासन की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त उनके विरुद्ध अन्य गंभीर शिकायतें भी प्राप्त हुई थीं।

उक्त कृत्य म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3(1), 3(2) एवं 3(3) के विपरीत पाए गए, जो दंडनीय श्रेणी में आते हैं। कलेक्टर कार्यालय द्वारा श्री उईके को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। प्रस्तुत जवाब का परीक्षण करने पर वह समाधानकारक नहीं पाया गया। इसके बाद प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1966 के नियम-9 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में गुलाबचंद उईके का मुख्यालय भू-संसाधन प्रबंधन शाखा, नर्मदापुरम निर्धारित किया गया है। साथ ही उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने स्पष्ट किया कि शासकीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा नियमों की अनदेखी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई भी कार्य जिससे जिससे प्रशासन की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है एवं प्रशासन की छवि धूमिल होती है ऐसे किसी भी कार्य को स्वीकार्य नहीं किया जाएगा।

## पूर्व प्रधानमंत्री स्व. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी



नर्मदापुरम (निप्र)। कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन कर श्रद्धांजलि दी गई इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता लखन रघुवंशी ने कहा कि स्व नेहरू ने विपरीत परिस्थिति में देश का नेतृत्व कर आधुनिक भारत कि नींव रखी नेता प्रतिपक्ष नपा अनोखी राजोरिया ने कहा कि नेहरु जी का नारा आराम हराम है आज भी प्रेरणादायक है पूर्व नपाध्यक्ष मीना वर्मा ने कहा कि नेहरू जी ने आईआईटी आईआईएम की स्थापना कर शिक्षा को नई दिशा दी इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग मलैया अरुण दीक्षित मंडलम अध्यक्ष मंजूलमनी ढिमोले जागेश यादव तुकाराम यादव लखन रघुवंशी अंकित दुबे पवन पटेल राकेश दुबे मोहन वैद्ध विजेंद्र राजपूत शैलेश शुक्ला रिजवान कीर्ति मिश्रा कुलदीप राठौर ऋतिक चौहान सलीम खान अभिषेक पटेल प्रताप ठाकुर विनोद दुबे सौरभ राय कपिल यादव संतोष अहिरवार देवेंद्र रिठौरिया पप्पू भाई उपस्थित रहे।

### ग्राम शिवपुर की नल-जल योजना का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

नर्मदापुरम (निप्र)। विकासखंड सिवनी मालवा के ग्राम पंचायत शिवपुर अंतर्गत ग्राम शिवपुर की नल-जल योजना का निरीक्षण नायब तहसीलदार पूनमसिंह सलामे द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, उपयंत्री एवं सहायक यंत्री भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान संबंधित ठेकेदार एवं निवेदक को योजना के शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए योजना का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने को कहा गया। अधिकारियों ने ग्राम पंचायत को योजना के नियमित संचालन एवं संधारण के लिए एक नवीन ऑपरेटर नियुक्त करने के निर्देश भी दिए, ताकि ग्राम के सभी नागरिकों को निरंतर एवं सुचारू रूप से पेयजल उपलब्ध हो सके। उल्लेखनीय है कि उक्त नल-जल योजना अंतर्गत ग्राम शिवपुर में 375 किलोलीटर क्षमता की उच्च स्तरीय पानी की टंकी निर्मित की गई है। योजना के तहत तीन सफल नलकूपों से पानी एकत्रित कर टंकी के माध्यम से पूरे ग्राम में पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। ग्रामीणों को इस योजना के माध्यम से घर-घर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है, जिससे उन्हें गर्मी के मौसम में राहत मिल रही है तथा पेयजल संबंधी समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित हो रहा है।

# लगाए जाएंगे बेसाल्ट पत्थर, नए लुक में दिखेगा पर्यटनघाट

## नपाध्यक्ष ने किया पर्यटन घाट का निरीक्षण, गुणवत्ता के निर्देश दिए'



नर्मदापुरम (निप्र)। नगरपालिका का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट नर्मदा लोक कोरीडोर के प्रथम फेस का कार्य पर्यटन घाट से शुरू हो गया है। बुधवार को नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने स्वयं जाकर कार्य की प्रगति का अवलोकन किया गया। साथ ही निर्माण कार्य की बारीकी से जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान निर्माण एजेंसी के अधिकारी कर्मचारी और नपा की उपयंत्री रीना गुप्ता उपस्थित रहीं।

### कार्य का अवलोकन किया

उपयंत्री रीना गुप्ता ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देशन पर नर्मदा लोक कोरीडोर का कार्य चल रहा है। नपाध्यक्ष श्रीमती यादव द्वारा पर्यटन घाट पर बन रही पार्किंग व्यवस्था का अवलोकन किया तथा निर्माण कार्य को तेजगति से गुणवत्तापूर्ण एवं समय सीमा में कंपलीट करने के निर्देश दिए गए हैं।

### नाले को किया जा रहा चैनेलाइज

कोरीघाट पर स्थित सभी नाले को चैनेलाइज किया जा रहा है। साथ ही निर्माण एजेंसी द्वारा एक और पंपिंग स्टेशन बनाया जा रहा है। जहां पर एसटीपी प्लांट लगाया जाएगा। जिसके माध्यम से नाले का पानी साफ किया जाएगा। इसके अलावा ओजोनाइजेशन के माध्यम से भी पानी का शुद्धिकरण होगा, जिससे गंदा पानी मां नर्मदा में सीधे नहीं मिलेगा।

### घाट पर लगेंगे बेसाल्ट पत्थर

उपयंत्री श्रीमती गुप्ता ने बताया कि पर्यटन घाट पर बेसाल्ट पत्थर से नक्काशी की जाएगी। जिससे पर्यटन का घाट नए लुक में दिखेगा। अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से पत्थरों पर डिजाइनिंग की जाएगी।

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा बताया गया कि पर्यटन घाट पर चल रहे नर्मदा लोक कोरीडोर निर्माण नगरपालिका के महत्वाकांक्षी कार्यों में से एक है। प्रथम चरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। जिसमें पार्किंग व्यवस्था महत्वपूर्ण है। निर्माण कार्य के दौरान सावधानी रखने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## व्यापारी कल्याण महासंघ की कार्यकारिणी घोषित

### सदस्यता अभियान जल्द शुरू किया जाएगा- महेंद्र चौकसे

नर्मदापुरम (निप्र)। व्यापारी कल्याण महासंघ की कार्यकारिणी घोषित व्यापारी महासंघ के जनरल सेक्रेटरी मनोहर बढ़ानी ने बताया संघ के अध्यक्ष



महेंद्र चौकसे ने नई कार्यकारिणी घोषित की है। महासचिव मनोहर बढ़ानी, उपाध्यक्ष राम नवलानी राजू जमनानी, प्रकाश अग्रवाल राजेश राठौर किशोर कराया, सचिव गोविंद मूलचंदानी, आमीन राइन, गौरव सेठ नूतन अग्रवाल अनिल अग्रवाल नितेश खंडेलवाल विजय गोप्लानी अजय रतनानी सह सचिव महेश मूलचंदानी सोनू अग्रवाल गौरव खंडेलवाल सुरेश मखीजा राजकुमार चौकसे धर्म संकट विधि सलाहकार पुष्पेश पालीवाल पवन मित्तल संरक्षक राजकुमार खंडेलवाल देवेंद्र कुमार गिल्ला, मीडिया प्रभारी जाकिर खान को बनाया गया। अध्यक्ष महेंद्र चौकसे ने बताया जल्दी से जल्दी सदस्यता का अभियान प्रारंभ किया जाएगा सभी व्यापारियों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। बैठक में बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल हुए सब ने नई कार्यकारी को बधाई दी।

## राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण, हितग्राहियों को मिल रही राहत



नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम कलेक्टर के सतत दिशा-निर्देशों का असर तहसील माखननगर में देखने को मिल रहा है। यहां राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निपटारे में तेजी आई है। इस वर्ष अब तक नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के 437 प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण किया गया है। मध्यप्रदेश शासन ने राजस्व मामलों के प्रभावी निपटारे के लिए न्यायिक एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के कार्यों को अलग कर दिया है। इसी क्रम में माखननगर में पूर्णकालिक न्यायिक तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार की पदस्थापना की गई है। तहसीलदार महेन्द्र चौहान एवं नायब तहसीलदार सुनील गढ़वाल के पदस्थ होने के बाद राजस्व न्यायालय प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित हो रहा है। सभी प्रकरणों की सुनवाई विधि अनुसार की जा रही है।इसके अलावा अनुविभागीय अधिकारी नर्मदापुरम द्वारा भी माखननगर क्षेत्र के प्रकरणों की सुनवाई प्रत्येक मंगलवार को तहसील माखननगर में ही की जा रही है। इससे हितग्राहियों को मुख्यालय नर्मदापुरम के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे और उनका काम स्थानीय स्तर पर ही हो रहा है।

### जिले में निर्माणाधीन परियोजनाओं और श्रमिकों का पंजीयन अनिवार्य, 60 दिन में अनुज्ञप्ति लेना जरूरी

नर्मदापुरम (निप्र)। भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार अधिनियम 1996 के तहत जिले की सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं और उनमें कार्यरत श्रमिकों का पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया है। अधिनियम की धारा 7 के अनुसार प्रत्येक नियोजक को निर्माण कार्य शुरू होने के 60 दिवस के भीतर अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन करना अनिवार्य है। सहायक श्रमायुक्त नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम वर्षा इरपाचे ने बताया कि श्रम विभाग ने ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन की सुविधा दी है।

### मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना हरिद्वार-ऋषिकेश यात्रा के लिए 5 जुलाई तक करें आवेदन

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश शासन की मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजनांतर्गत जिले के बुजुर्गों को हरिद्वार-ऋषिकेश की तीर्थयात्रा कराई जाएगी। यह यात्रा 19 जुलाई 2026 से 22 जुलाई 2026 तक आयोजित होगी। उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण नर्मदापुरम (नोडल अधिकारी तीर्थ यात्रा) डॉ. बबीता राठौर ने बताया कि धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग, वल्लभ भवन भोपाल के निर्देशानुसार जिले को 196 तीर्थयात्रियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। चयनित यात्रियों को हरिद्वार-ऋषिकेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे। इच्छुक पात्र हितग्राही अपना आवेदन 5 जुलाई 2026 तक जिले की संबंधित स्थानीय निकायों में जमा कर सकते हैं। स्थानीय निकायों को प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर पात्र यात्रियों का पंजीयन 5 जुलाई तक ही https://dpms.mp.nic.in/ पोर्टल पर ऑनलाइन करना अनिवार्य होगा। अंतिम तिथि के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नर्मदापुरम में प्रवेश का सुनहरा मौका

## इच्छुक विद्यार्थी 29 मई तक आन लाइन कर सकते हैं आवेदन

नर्मदापुरम (निप्र)। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नर्मदापुरम में डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम अंतर्गत शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नर्मदापुरम में संचालित ब्रांच सिविल इंजीनियरिंग मैकेनिकल इंजीनियरिंग इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग कम्प्यूटर साइंस एडं इंजीनियरिंग एवं मॉडर्न आफिस मैंनेजमेंट सत्र 2026-2027 में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन प्रक्रिया जारी है। इच्छुक विद्यार्थी 29 मई 2026 तक अपना ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। एवं पजीयन हेतु संस्था में आकर प्रवेश प्रक्रिया करा सकते है। रोजगारान्मुगखी पाठ्यक्रमों में प्रत्यीक ब्रांच में 60 सीट प्रवेश हेतु उपलब्ध हैं। ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया 04 मई 2026 से 29 मई 2026 तक संचालित की जाएगी। ईच्छुक अभ्यर्थी इस अवधि में पंजीयन कर अपनी पसंदीदा संस्थाओं एवं पाठ्यक्रमों का चयन कर सकते हैं। पंजीयन में सुधार की सुविधा 30 मई, 2026 से 31 मई 2026 तक उपलब्ध रहेगी। इसके पश्चात् मेरिट सूची जारी होने एवं सीट आबंटन की प्रक्रिया निर्धारित




तिथियों के अनुसार पूर्ण की जाएगी। प्रवेश हेतु पात्र अभ्यर्थियों का चयन मेरिट के आधार पर किया जाएगा। प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10 वीं परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को अनुभवी फैकल्टी प्रैक्टिकल प्रशिक्षण तथा उद्योग आधारित शिक्षण गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आधुनिक प्रयोगशालाओं तथा रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध की जाती है। नर्मदाचंल क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए यह सुनहरा अवसर है कि वे समय.सीमा के भीतर प्रवेश हेतु आवेदन कर अपने भविष्य को नई दिशा दें। प्रवेश बढाने हेतु संस्था की टीम द्वारा नगर एवं आसपास के गांव में संपर्क कर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को प्रवेश संबंधी जानकारी प्रदान की जा रही है। 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य को देखते हुए तकनीकी शिक्षा बहुत उपयोगी है। वर्तमान में अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी तकनीकी शिक्षा विभाग की अधिकारिक वेबसाईट पर जाकर एवं रजिस्ट्रेशन में यदि किसी प्रकार की कोई असुविधा होती है तो छात्र.छात्राएं महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष आरआर चन्द्राकर. 7999982337 एवं देवेश तिवारी.7999832684 से संपर्क कर अथवा महाविद्यालय पहुँच कर प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते है एवं नजदीकी एमपीऑनलाईन कियोस्क पर संपर्क कर प्रवेश की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं तकनीकी शिक्षा आज के समय में युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान कर रही है। इसलिए विद्यार्थी समय पर पंजीयन कर अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएँ।

*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।*
*स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*